सोमवार
19 फरवरी 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



आरा में बारात में नाच के दौरान डांसर के साथ विवाद में फायरिंग 2



# लखनऊ में आज 10 लाख करोड़ की 14 हजार परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे पीएम मोदी

**जीबीसी 4.0**

- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा जीबीसी 4.0 का भव्य कार्यक्रम
- पीएम मोदी सीएम योगी के साथ प्रदर्शनी का भी करेंगे अवलोकन
- देश और दुनिया के तकरीबन 4000 प्रतिभागी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 में करेंगे प्रतिभाग

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही योगी सरकार के लिए सोमवार का दिन बहुत महत्वपूर्ण होने जा रहा है। सोमवार को राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के जरिए प्रदेश भर में 10 लाख करोड़ से ज्यादा की 14 हजार से अधिक



परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश में करीब 34 लाख रोजगार के अवसरों की संभावनाओं के द्वारा भी खुल जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी सीएम योगी के साथ यहां आयोजित होने वाली प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे। साथ ही मुख्य जीबीसी हैंगर में वो प्रदेश की जनता को संबोधित करते हुए इन परियोजनाओं की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं देंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 10 से 12 फरवरी के मध्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजने हुआ था। उसके करीब एक वर्ष बाद 19-21 फरवरी के बीच ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पीएम मोदी समेत तमाम वीआईपी शामिल होंगे।

**लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाएगा उत्तर प्रदेश:** 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद योगी सरकार के लिए यह एक और बड़ा अवसर है, जब पूरी दुनिया की नजरें उत्तर प्रदेश की ओर लगी होंगी। पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम योगी के नेतृत्व में इन परियोजनाओं की शुरूआत से उत्तर प्रदेश सरकार अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाएगी। आयोजन के शुभारंभ के अवसर पर पीएम मोदी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे तो साथ ही निवेशकों को सफलता के मंत्र भी बताएंगे। इस अवसर पर सीएम योगी भी उत्तर प्रदेश में उद्योगों के अनुरूप माहौल के साथ ही भविष्य की योजनाओं को लेकर अपनी बात रखेंगे।

## आयोजन की सभी तैयारियां पूरी

आयोजन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। दो दिन पहले ही सीएम योगी ने तैयारियों का जायजा भी लिया था और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए थे। कार्यक्रम में दुनिया भर के तकरीबन 4000 प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है, जिसमें जाने माने उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इण्डिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत/उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित हैं। ऐसे में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए इन्वेस्ट यूपी द्वारा अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। प्रदर्शनी स्थल पर 10 अलग-अलग पवेलियन बनाए गए हैं, जिनमें एआई पवेलियन, टेक्सटाइल, डाटा सेंटर/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड आईटी, वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक्स, फिल्म सिटी, इन्वेस्ट यूपी/टॉप इन्वेस्टर्स, मेडिकल डिवाइसेज, ईवी एंड रिन्यूएबल एनर्जी और डिफेंस/एयरोस्पेस शामिल हैं। आयोजन में स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर बनाए गए हैं। साथ ही यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत डिफेंस के तमाम इक्विप्मेंट्स के 3डी रेप्लिका मॉडल्स को दर्शाया जाएगा।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी पीएम मोदी का स्वागत करेंगे, जबकि हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, सैमसंग, साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क, आईएनजीकेए के सीईओ सुसैन पल्वरर, टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता और एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता भी प्रदेश में औद्योगिक विकास की उपलब्धियों के विषय में अपने विचार रखेंगे। भारत सरकार के रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह भी यहां अपने विचार रखेंगे, जिसके बाद पीएम मोदी परियोजनाओं को डिजिटल ग्राउंड ब्रेकिंग के माध्यम से शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर पीएम को प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी।

## प्रदेश के सभी हिस्सों व जनपदों में होगा निवेश

जीबीसी के जरिए प्रदेश में 10,23,537 करोड़ की 14,619 परियोजनाओं का शुभारंभ होगा। सबसे खास बात ये है कि प्रदेश के सभी हिस्सों और जनपदों में ये निवेश होगा। इसके अंतर्गत सर्वाधिक 52 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं की शुरूआत प्रदेश के पश्चिमांचल हिस्से में होगी। वहीं पूर्वांचल में 29 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में निवेश परियोजनाओं की शुरूआत होगी। इसमें 19 जिले तो ऐसे हैं जिन्होंने निवेश लक्ष्य का शत प्रतिशत से भी ज्यादा हासिल किया। इसमें एटा ने 354 प्रतिशत, सीतापुर ने 145 प्रतिशत, शाहजहांपुर ने 127 प्रतिशत, सोनभद्र ने 121 प्रतिशत, चंदौली ने 117 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है।

## 3 जीबीसी आयोजित कर चुकी है योगी सरकार

यह योगी सरकार का चौथा ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह है। इसके माध्यम से प्रदेश में 2.10 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश धरातल पर उतारा गया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने फरवरी-2018 में पहली बार यूपी इन्वेस्टर्स समिट का सफलतापूर्वक आयोजन किया था। समिट में 4.28 लाख करोड़ रुपए के 1,045 एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे। इसके बाद जुलाई-2018 में प्रथम ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह तथा जुलाई 2019 में दूसरा ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह हुआ, जिसमें क्रमश: 61,792 करोड़ रुपए के निवेश वाली 81 परियोजनाओं तथा 67,202 करोड़ रुपए के निवेश वाली लगभग 290 परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। जून 2022 में, ग्राउंड-ब्रेकिंग समारोह के तीसरे संस्करण का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 80,000 करोड़ रुपए निवेश वाली 1,400 से अधिक परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया।

### रंगरा गांव में आमने सामने हुई पुलिस-पब्लिक

# भागलपुर में हत्या के बाद बवाल, पुलिस वाहन फूंका

- घंटों रणक्षेत्र में तब्दील रहा नवगछिया का रंगरा गांव
- दो दिन से लापता महिला का शव मिलने के बाद लोगों का फूटा गुस्सा
- पुलिस को कई राउंड करनी पड़ी फायरिंग

**केटी न्यूज/पटना**

भागलपुर जिले के नवगछिया स्थित रंगरा गांव में रविवार को मनोज मंडल की दो दिन से लापता पत्नी शोभा देवी का शव मिलने के बाद एकाएक माहौल बिगड़ गया। पुलिस पर आरोपी को बचाने का आरोप लगाते हुए लोगों ने जमकर बवाल किया। इसके बाद घटनास्थल पर पुलिस पब्लिक के बीच विवाद बढ़ा और दोनों ओर से ईंट-पत्थर चलने लगे। रंगरा का दक्षिणबाड़ी टोला रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। हालात को बिगड़ते देख पुलिस को कई राउंड फायरिंग करनी पड़ी।

घटना की सूचना पर एसडी ओमप्रकाश, एसडीओ उत्तम कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयाय किया, लेकिन लोग नहीं माने। मृतिका दो दिन पूर्व कारे ठाकुर के घर दूध देने गयी थी। महिला के लापता होने के बाद शव एक गाय के बथान पर रखा मिला। शव मिलने से मृतिका के परिजन आक्रोशित हो गए। धीरे-धीरे घटना की सूचना आग की तरह गांव के चारों तरफ फैलने लगी और लोग जमा हो गए। आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर मौके पर पहुंची रंगरा पुलिस को खदेड़ दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और बवाल करने लगे। आक्रोशित लोगों ने दक्षिणबाड़ी टोला में पुलिस वाहन सहित पंचायत समिति की कार, बुलेट एवं एक मोटरसाइकिल आग के हवाले कर दिया। आक्रोशित लोगों ने कई लोगों के साथ मारपीट की है। ऐसी सूचना सामने आयी है। घटनास्थल पर पत्रकार व पुलिस बल की पिटाई भी की गई। दो जवान भी घायल हुए हैं। ग्रामीणों का कारे ठाकुर और पंचायत समिति सदस्य जिम्मी ठाकुर पर आक्रोश था। ग्रामीणों का कहना था कि इसी दोनों के कारण घटना घटी है। भीड़ ने पुलिस गाड़ी के साथ रंगरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य की एक बुलेट गाड़ी, एक कार एवं तीन अन्य वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया।



## घर पर जाकर धमकाने वाले दो युवकों को पीटा

ग्रामीणों ने बताया कि महिला के गायब होने के बाद जब परिजन उसे खोजने गये तो इसी दौरान गांव के सोनू और लालू महिला के परिजन को धमकाने गए कि हमारे घर पर दोबारा जाना नहीं। वहां महिला नहीं है। इसी दौरान वहां पर कुछ लोगों ने दोनों को पकड़कर पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी मिलने पर दोनों को रंगरा पुलिस ने जाकर छुड़ाया। इसके बाद शव मिलने पर आक्रोशित भीड़ ने कारे ठाकुर के घर में आग लगाने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने असफल कर दिया। पुलिस ने कारे ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आक्रोशित भीड़ ने पंचायत समिति सदस्य के घर में तोड़फोड़ की और उसकी मोटरसायकिल में आग लगा दी। इस दौरान सोनू की भी मोटरसायकिल को जलाया गया।

**भीड़ को तितर-बितर करने पुलिस ने चलाई गोली:** मौके पर पहुंची पुलिस के साथ आक्रोशित भीड़ के नोकझोंक के दौरान एक पुलिसवाले द्वारा महिला के ऊपर लाठी चलाने से भीड़ उग्र हो गयी और पुलिस पर जमकर रोड़ेबाजी की। इस घटना में दो पुलिसवाले घायल हो गए। दोनों पुलिसवाले भागकर मुखिया के दरवाजे पर पहुंचे, जिससे उस दोनों की जान बची। भीड़ को तितर-बितर करने को लेकर पुलिस को कई रांउड फायरिंग करनी पड़ी।

# बिहार के कई जिलों की जेलों में पुलिस ने छापेमारी, मचा हड़कंप

**केटी न्यूज/पटना**

गृह विभाग के आदेश पर रविवार को आरा, सासाराम, छपरा, पटना सहित कई जिलों के जेलों में जिलों की पुलिस टीम ने छापेमारी की। जेलों के सभी सेल की सघन तलाशी ली गई, जिसमें कैदी रहते हैं। अचानक तलाशी से जिलों में जेल के अंदर हड़कंप मच गया। जेलों के हॉस्पिटलों की भी जांच की गई है। हालांकि किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध सामान बरामदगी की अभी तक सूचना नहीं है। पटना में बेऊर जेल में भी छापेमारी हुई है। दो सिम कार्ड, खैनी मिला है।

जानकारी के अनुसार एसपी ने छपरा जेल में भी छापा मारा। छपरा मंडल कारा में ये छापेमारी तीन घंटे से ज्यादा देर तक चली। हालांकि इस छापेमारी में जेल के अंदर कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। छापेमारी में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल थे। वहीं, सासाराम मंडल कारा में छापेमारी की गई। रोहतास के डीएम नवीन कुमार और एसपी विनीत कुमार ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। सुबह करीब 5:30 बजे डीएम और एसडीओ के नेतृत्व में छापेमारी की गई। अहले सुबह इस छापेमारी से जेल में हड़कंप मच गया।

## लोकसभा चुनाव को देखते हुए की गई जांच

बता दें कि बिहार में गृह विभाग सीएम नीतीश के पास है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह रूटीन जांच किया गया है। इससे पहले बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों का तबादला किया गया था। गृह विभाग चुनाव को लेकर एक्शन में दिख रहा है। पुलिस विभाग अभी से सभी जिलों में मुस्तैदी बढ़ा दी है।

# उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी का नाम बदला, राष्ट्रीय लोक मोर्चा हुआ

**केटी न्यूज/पटना**

राष्ट्रीय लोक जनता दल अब राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नाम से जाना जाएगा। चुनाव आयोग ने पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी का राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नाम से निबंधित किया है। रविवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उपेंद्र कुशवाहा ने इसकी जानकारी दी और पार्टी के नए नाम का अनावरण किया।

कुशवाहा ने कहा कि चुनाव आयोग ने पार्टी के निबंधन के लिए दिए गए आवेदन में रालोजद नाम के अतिरिक्त तीन या उससे अधिक नामों की जानकारी मांगी थी। पार्टी द्वारा पहले स्थान पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा नाम के साथ 5 अन्य नाम आयोग को भेजा था। चुनाव आयोग से मिली सूचना के अनुसार उनके दल को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नाम से निबंधित किया गया है।

अब लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के तहत चुनाव लड़ेंगे। उन्होनें कहा कि राज्य के सभी 40 सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा वे एनडीए के साथ हैं। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद द्वारा जदयू के लिए दरवाजा खुला रखे जाने के सवाल पर कहा कि जदयू के राजद से अलग होने के बाद वे आसमान से धड़ाम से नीचे गिर गए हैं।

# गया में 5 लाख रुपए नकली नोटों के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार, घर में छाप रहे थे नोट

**केटी न्यूज/गया**

गया में पुलिस ने नकली करेंसी के साथ दो धंधेबाजों को दबोच लिया है। उनके पास से पुलिस ने लगभग 5 लाख रुपए नकली नोटों के साथ मशीन भी बरामद किया है। आरोपी चेरकी थाना क्षेत्र के कुरमामा गांव निवासी एक घर में मशीन लगाकर नकली नोट छापने का काम कर रहा था। इस दौरान पुलिस ने काफी संख्या में नकली करेंसी बरामद किया है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि चेरकी थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुरमामा गांव के एक घर में नकली नोट छापने का काम किया जा रहा है। सूचना के आधार पर चेरकी थाने की पुलिस ने कुरमामा गांव की घेराबंदी कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान घर से पुलिस को नोट छापने की दो मशीन और चार लाख 73 हजार 400 रुपए नकली नोट बरामद किया। पुलिस ने नकली नोट छपने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गया के सीनियर एसपी आशीष भारती ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चेरकी थाना क्षेत्र के कुरमामा गांव में नकली नोट छापने का काम किया जा रहा है। उक्त सूचना के आधार पर विशेष पुलिस टीम ने गांव में छापेमारी कर करीब पांच लाख रुपए का नकली नोट के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से नोट छापने वाला मशीन, कटर, प्रिंटर, मोहर बरामद किया गया है। उक्त उपकरणों से नकली नोट छापने में इस्तेमाल किया जा रहा था। साथ ही पुलिस इस नेटवर्क में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## 500, 200 और 50 रुपये के हैं नोट

पुलिस का कहना है कि बरामद नकली नोटों में 500, 200 और 50 रुपये का नोट है। मौके से गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुरमामा गांव के रहने वाले सुरेंद्र प्रसाद के पुत्र वीरेंद्र कुमार (30) और दूसरा आरोपी टनकुप्पा थाना क्षेत्र के चामूखाप गांव निवासी उमेश शंकर शर्मा के पुत्र अनुज कुमार (29) के रूप में की गई। वहीं छापेमारी के बाद गया पुलिस पूरे नेटवर्क को पकड़ने में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि नकली नोट छापने और इस धंधे से जुड़े उन सारे आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस कई संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि कई अन्य जानकारियां हैं जिन्हें हम अभी शेयर नहीं कर सकते। गया पुलिस का कहना है कि कई महत्वपूर्ण बातें हैं जिनको लेकर पुलिस जांच -पड़ताल कर रही है।




### बिहार विधान परिषद के उपसभागार में मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती, बोले वक्ता...

# देश व समाज को एकजुट करने में शिवाजी का बड़ा योगदान

**केटी न्यूज/पटना**

छत्रपति शिवाजी महाराज के जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को छत्रपति शिवाजी महाराज सेवा समिति के बैनर तले बिहार विधान परिषद के उपसभागार में शिवाजी महाराज की 394 वी जयंती मनाई गई। जयंती के उपलक्ष में शिवाजी प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत जस्टिस विनोद कुमार सिन्हा, एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार, एडीजी पारस नाथ, एडीजी सुनील कुमार, जिला अधिकारी श्रीकांत कुमार, पूर्व जिला अधिकारी अमरेंद्र कुमार, समिति के अध्यक्ष सुधीर पटेल, सचिव डॉ दिनेश कुमार, महासचिव प्रफुल्ल पटेल, कोषाध्यक्ष सतीश पटेल, डॉ प्रकाश सिंन्हा, डॉ राजीव रंजन, डॉ धीरज कुमार, डॉ मुकेश कुमार, सौरव कुमार,



राजीव कुमार एवं डॉ बैद्यनाथ कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉक्टर सुधीर पटेल ने कहा कि शिवाजी ने कहा था कभी भी अपना सर मत झुकाओ, हमेशा उसे ऊंचा रखो। शिवाजी बहुजन प्रतिपालक के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने राजनीतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से पूरे देश और समाज को एकजुट करने के लिए अनेक वर्गों में अपनी वैवाहिक संबंध को कायम किया। शिवाजी अपने शासनकाल में भारत के पश्चिमी भाग को भी बाहरी अक्रांताओं से सुरक्षित रखा। इसीलिए उन्हें छत्रपति की उपाधि दी गई है। उन्होंने कहा की इस तरह का प्रतिभा सम्मान समारोह उनकी जयंती पर विगत कई वर्षों से राज्य में इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। आने वाले समय में सभी जिलों में इसका विस्तार किया जायेगा। जो लोग आर्थिक स्थिति से पिछड़े हुए हैं। सामाजिक दृष्टिकोण से समाज से अलग हो चुके हैं उन्हें पुनः समाज में लाने का प्रयास किया जाएगा।

**इन्हें किया गया सम्मानित:** डॉ० सुजीत कुमार, डॉ० अभिषेक कुमार, डॉ० सुनील कुमार, डॉ० जितेन्द्र कुमार, डॉ० अरविन्द कुमार, डॉ० रंजीत कुमार, डॉ० सतीश चंन्द्रा, डॉ० अजय कुमार, डॉ० अमरेन्द्र कुमार, डॉ० अमादीप नरायण, डॉ० लालाराजपत राय, डॉ० अमरेश कुमार, डॉ० प्रकाश सिन्हा, डॉ० राजीव रंजन सिन्हा, डॉ० राकेश कुमार, डॉ० अशोक कुमार, डॉ० धीरज कुमार, डॉ० मुकेश कुमार, डॉ० अरूण कुमार, डॉ० प्रभात रंजन, डॉ० कमलेश कुमार व अन्य शामिल रहे।

# 23 सौ साल पुराने प्राचीन अशोक शिलालेख की पुरातत्व विभाग टीम ने की सफाई

**केटी न्यूज/सासाराम**

सासाराम के चंदन शहीद पहाड़ी पर स्थित सम्राट अशोक के ऐतिहासिक लघु शिलालेख के कब्जा मुक्त होने के करीब 3 माह बाद आज भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पटना सर्किल और विज्ञान शाखा पटना द्वारा साफ किया गया। सासाराम स्थित पुरातत्व संरक्षण सहायक ने बताया कि सफेद चूना से पोताई किए हुए ऐतिहासिक शिलालेख को वैज्ञानिक तरीके से सफाई के बाद शिलालेख लगभग मूल स्थिति में बहाल कर दिया गया। उन्होंने बताया कि टीम के सदस्यों ने अशोक के शिलालेख की सफाई केमिकल से किया



और इसे फिर से पठनीय बनाया। रोहतास जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर शहर के पुराने जीटी रोड और नए बाइपास के मध्य में स्थित है। यह लगभग 23 सौ साल पुराना प्राचीन अशोक शिलालेख। इस शिलालेख का लोहे का दरवाजा ढ़ाई दशक से बंद था। इसके अलावा शिलालेख पर बार-बार चुने की पुताई होती थी। जिसके कारण उसका मूल स्वरूप खराब हो गया था। बता दें कि शिलालेख पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से सफेद चूने से पोतवा दिया गया था। साथ ही शिलालेख की घेराबंदी कर गेट में ताला जड़ दिया गया था। बीते वर्ष नवंबर में इस मुद्दे पर जमकर राजनीति भी हुई थी। तब तत्कालीन डीएम के प्रयास से शिलालेख को ताले की कैद से मुक्त कराकर चाभी एएसआई को सौंपी गई थी। ताकि इसे और बेहतर बनाया जा सके।

## सामूहिक विवाह में 11 जोड़ों ने लिए अग्नि के सात फेरे

**अंबा (औरंगाबाद)।** सूर्य मंदिर अविरल तालाब सह नवग्रह वन वाटिका पिपरा बगाही-सांड़ी के द्वारा रविवार को दहेज रहित सामूहिक विवाह उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्यारह जोड़े वर-वधुओं ने हिंदू रीति रिवाज से अग्नि के फेरे लेकर दांपत्य जीवन की शुरूआत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्म जागरण समन्वय के दक्षिण बिहार प्रांत प्रशासन संपर्क प्रमुख अवधेश सिंह एवं डॉ. विजय राज सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अवधेश सिंह ने कहा कि सूर्य मंदिर अविरल तालाब सह नौ ग्रह वन वाटिका कमिटी के द्वारा धर्म एवं पुण्य का काम किया जा रहा है। जिसमें हम सबों को भाग लेने की जरूरत है। दहेज रहित सामूहिक विवाह समाज में बड़े परिवर्तन का संदेश दे रहा है। यह समाज में व्याप्त बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों पर कुठाराघात है। इस मौके पर डॉ. प्रमोद, योगेश मिश्रा, एसएसबी काला पहाड़ सब इंस्पेक्टर कमलेश कुमार, मनविंदर पाठक, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष सुजीत सिंह, धर्म जागरण जिला प्रमुख अजीत सिंह ओमप्रकाश सिंह जितेंद्र मेहता डॉ राजीव कुमार धर्मेंद्र कुमार गुप्ता आदि लोग उपस्थित थें।

## एक नजर

### कच्ची शराब निर्माण के खिलाफ हुई कार्रवाई

**औरंगाबाद।** शराबबंदी के बावजूद शराब माफिया डिमांड को पूरा करने में जी-जान से लगे हैं। इधर, पुलिस भी सख्ती से शराब तस्करों की प्लानिंग को नाकाम करने में जुटी हुई है। जैसे-जैसे होली नजदीक आते जा रही है वैसे-वैसे जिले में शराब माफिया सक्रिय होते जा रहें हैं। शराबियों की होली को रंगीन बनाने के लिए माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर शराब निर्माण या स्टॉक किया जा रहा है। इसी क्रम में ढ़िबरा थाना की पुलिस ने कार्रवाई के फलस्वरूप एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। तलाशी में क्रम में 1200 किलोग्राम महुआ फूल एवं शराब निर्माण से जुड़ा उपकरण बरामद किया गया है। साथ ही मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों में थाना क्षेत्र के पथरा गांव निवासी बसंत साह एवं कुंदन कुमार हैं। पूछ-ताछ में आरोपियों ने बताया कि होली त्योहार के मद्देनजर शराब निर्माण से जुड़ी जरूरी सामग्रियां एवं उपकरण को ले जाया जा रहा था। थानाध्यक्ष रितेश उपाध्याय ने बताया कि सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के छुछिआ व दुलारे गांव की सड़क पर छापेमारी की गई जिसमें 1200 किलोग्राम महुआ फूल एवं शराब निर्माण से जुड़ा उपकरण बरामद किया गया है। साथ ही दो आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि होली त्योहार के मद्देनजर शराब माफियाओं के नेटवर्क के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रहेगा।

### शिव चर्चा में शामिल हुए सैकड़ों शिव शिष्य



**औरंगाबाद।** रविवार को गोह स्थित गांधी मैदान के प्रांगण में एक दिवसीय शिव चर्चा के आयोजन में सैकड़ों शिव शिष्यों ने भाग लिया। दर्जनों लोगों ने देवाधिदेव महादेव का शिष्य बनकर खुद का अहोभाग्य माना। एक दिवसीय शिव चर्चा में स्थानीय एवं दूसरे जिले के गुरू भाई बहनों ने अपने-अपने विचार व भजन प्रस्तुत कर लोगों को गुरू के प्रति समर्पित होना के लिए प्रेरित किया। मौके पर शिव शिष्या रिकू देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वरेण्य गुरू भ्राता साहब हरीन्द्रानंद जी ने हम लोगों को बताया है कि शिव जगत गुरू है अर्थात संसार के जितने भी लोग है सभी उनके शिष्य हैं। हम सदियों से उनका भगवान भाव से पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। यदि हम उन्हें गुरू भाव से याचना पूर्वक दया मांगे तो हमारा कल्याण निश्चित होगा। यदि इस संसार के एक-एक लोग उन्हें शिष्य बनकर गुरु भाव दे तो पूरे जगत का कल्याण निश्चित रूप से सुगमता से हो जायेगा। हमलोगों का पहला कार्य है। अपने आसपास के लोगों को प्रेरित कर उन्हें भी जागृत करना और शिव शिष्य परिवार का विस्तार करना। कार्यक्रम में मंच का संचालन रिकू सेवी ने किया। वहीं वक्ताओं में कमला देबी, मरिता देवी, आशा देबी, राधिका देवी, मुन्ना कुमार, हीरा साव आदि शामिल थे।

### स्वतंत्रता सेनानी की 106वीं जयंती की तैयारी शुरू

**औरंगाबाद।** गोह प्रखंड के पेमा गांव निवासी महान स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व मंत्री स्व राम बिलाश शर्मा की 106वीं जयंती समारोह को आयोजन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। जानकारी देते हुए बीडीओ राजेश कुमार दिनकर ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी की जयंती को राजकीय समारोह के रूप में आयोजित होते आया है। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है।आगामी 22 फरवरी को प्रखंड परिसर में आयोजन किया जायेगा।

## खबरें फटाफट

### अफीम की फसल को सुरक्षा बलों ने किया नष्ट

**औरंगाबाद।** अफीम की खेती के खिलाफ अब पुलिस और आबकारी विभाग पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। इसी क्रम में औरंगाबाद ज़िले के मदनपुर थाना क्षेत्र के ढकपहरी पहाड़ के समीप की छापेमारी में बड़ी कार्रवाई की गई है जिसमें कार्रवाई के फलस्वरूप 18 एकड़ जमीन में लगे अफीम की फसल को सुरक्षा बलों के द्वारा नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक अभियान मुकेश कुमार के नेतृत्व में सशस्त्र बलों के द्वारा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक अभियान मुकेश कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई के फलस्वरूप करीब 18 एकड़ में लगे अफीम की फसल को जेसीबी एवं आधे दर्जन ट्रैक्टर से रौंद कर नष्ट कर, आग लगा दिया गया अफीम के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी है। इसके पुर्व भी मामले में कई कुछ लोगों को गिरफ़्तार किया गया था तथा नामजद आरोपित बनाया गया था। इस कार्रवाई सीआरपीएफ, एसटीएफ जिला पुलिस, उत्पाद विभाग एवं वन विभाग की टीम द्वारा की गई।

### 257 लीटर शराब लदा स्कोर्पियो जब्त

**औरंगाबाद।** मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के विरुद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप माली थाना की पुलिस ने शराब के एक बड़ी खेप जब्त किया गया है। जबकि तस्कर रात की अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के सड़क पर की गई जिसमें शनिवार के देर शाम संदेह के आधार पर छापेमारी गई जिसमें पुलिस को पिछा करते देख तस्कर स्कोर्पियो को सड़क पर खड़ी कर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि कार्रवाई के फलस्वरूप माली थाना क्षेत्र के नबीनगर मुख्य रोड इटवा मोड़ के पास से एक स्कॉर्पियो से 257.94 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। जबकि तस्कर फरार हो गया।

## बारात में नाच के दौरान डांसर के साथ विवाद में फायरिंग, मुख्य आरोपित फरार

# दूल्हे के चचेरे भाई को लगी गोली, पुलिस ने गोली के साथ एक आरोपित को दबोचा

- टाउन थाना क्षेत्र के छोटकी सिंगही गांव की रविवार की घटना
- जख्मी का शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा इलाज

**केटी न्यूज/आरा**

टाउन थाना क्षेत्र के छोटकी सिंगही गांव में बारात में नाच के दौरान डांसर से विवाद के बाद शरारती तत्वों की ओर से फायरिंग कर दी गयी। उसमें दूल्हे के चचेरे भाई के पैर में गोली लग गयी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बारात बक्सर जिले के मठिला गांव से आयी थी। जख्मी बक्सर के कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला गांव निवासी 48 वर्षीय पुत्र संतोष उपाध्याय हैं। उनका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। गोली मारने का आरोप सिंगही गांव के ही युवकों पर लगाया गया है। पुलिस द्वारा एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह बड़की सिंगही गांव निवासी सुरेंद्र सिंह का पुत्र चंदन सिंह है। उसके पास से एक गोली बरामद की गयी है। हालांकि फायरिंग करने वाला भाग निकला। चंदन सिंह पर मुख्य आरोपित को भागने का आरोप लगाया जा रहा है। इधर, बारात में फायरिंग और दूल्हे के भाई को गोली लगने से भगदड़ मच गई। बाराती और



साराती इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष संजीव कुमार पहुंचे और स्थिति को शांत कराया गया। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शनिवार की रात सिंगही गांव निवासी सुरेश चंद्र पांडेय की पुत्री की बारात आयी थी। नाच का प्रोग्राम चल रहा था। उस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अश्लील कमेंट पास किया जा रहा है। मना करने पर बदमाशों द्वारा बाराती पक्ष के संतोष उपाध्याय को गोली मार दी गयी। सूचना मिलने पर अपराधी कर्मियों की गिरफ्तारी को लेकर एएसपी परिचय कुमार के टीम गठित की गयी। तत्काल छापेमारी कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक गोली भी बरामद की गयी है। फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपित सहित अन्य की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फायरिंग की घटना को लेकर नगर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

### जख्मी बोला: झगड़ा करने से रोका, तो मार दी गोली

जख्मी संतोष उपाध्याय ने उनके चचेरे भाई प्रभाकर उर्फ मोनू उपाध्याय की बारात छोटकी सिंगही गांव निवासी सुरेश चंद्र पांडेय के घर आयी थी। बारात में डांस का प्रोग्राम भी था। पूरी रात प्रोग्राम बिल्कुल ठीक चला और लड़की पक्ष के लोग का बहुत बढ़िया सहयोग भी रहा। कही कुछ नहीं हुआ। रविवार अहले सुबह छोटकी सिंगही गांव के एक लड़के की किसी बात को लेकर डांसर से विवाद हो गया। लड़का उस डांसर से उलझ गया। तब उन्होंने कहा कि जाने दीजिए छोड़ दीजिए। उस बीच उस लड़के अपने कमर से हथियार निकाल कर फायरिंग कर दी। उसमें उन्हें गोली लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया।

### नवविवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**जहानाबाद।** जिला के ओकरी ओपी क्षेत्र के सरिस्ताबाद गांव में एक नवविवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मायके वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक नवविवाहिता के मायके वालों ने आरोप लगाया है कि एक सोने की चेन को लेकर उनकी पुत्री की हत्या कर दी गई है। उन्होंने कहा की आठ माह पूर्व सरिस्ताबाद के रहने वाले गौतम कुमार से शादी हुई थी और शादी के बाद से ही लड़का और उसके पिता सोने की चेन के लिए दबाव बना रहे थे। वहीं मृतक के ससुराल वालो का कहना है की जब यह घटना हुई उस समय घर पर कोई भी मौजूद नही था। उन्होंने दहेज के लिए हत्या किए जाने की बात को खारिज करते हुए कहा की जब उन्हें मालूम चला की उनकी बहू ज्योति कुमारी की तबियत ठीक नहीं है तो उन्होंने स्थानीय स्तर पर उसका इलाज भी कराया और उसके परिजनों को भी सूचित किया था। हालांकि यह मौत कैसे हुई यह पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा। फिलहाल पुलिस तमाम बिंदुओं पर छान बीन कर रही है।

## हम पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन 23 को

- पार्टी के नीति सिद्धांतो पर होगी चर्चा
- लोकसभा में मजबूती के साथ लड़ेंगे चुनाव

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी एवं संगठन की मजबूती के मद्देनजर हिंदुस्तान अवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार के एससी-एसटी कल्याण व सूचना प्रावैधिकी विभाग के मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन औरंगाबाद पहुंचे। उन्होंने जिला अतिथि गृह में आयोजित प्रेस को संबोधित करते हुऐ कहा कि 23 फरवरी को पटना के बापू सभागार में पार्टी कार्यकताओं का सम्मेलन



आयोजित किया गया है। सम्मेलन में पंचायत स्तर के कार्यकताओं के साथ परिचर्चा किया जायेगा जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव , पार्टी के नीति व सिद्धांतो व संगठन की मजबूती से जुड़ी विषयों पर चर्चा की जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि हम एनडीए में शामिल हैं और हम लोग की मुहिम है कि सभी 40 सीटों पर एनडीए जीत हासिल करे। हम कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, यह अभी नहीं कहा जा सकता है, लेकिन हमारी पार्टी 12 से 13 सीटों पर बूथ स्तर तक पूरी तैयारी कर ली है। हम लोग की आस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में है। मौके पर पार्टी के कई पदाधिकारी सहित कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### मूर्ति विसर्जन के दौरान दो पक्षों में मारपीट, कई लोग हुए घायल

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के इबनपुर गांव में शनिवार की रात मूर्ति विसर्जन के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस घटना में आधे दर्जन लोग जख्मी हो गये। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मियों ने बताया कि गांव के ही राजेंद्र पासवान बाइक दुर्घटना में घायल हो गये थे। लोग उन्हे कंधे पर उठाकर घर लेकर जा रहे थे। इसी क्रम में मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे को बंद करने को कहा गया, लेकिन उक्त लोग जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। जब इसका विरोध किया तो लोगों ने मारपीट की जिसमें आधे दर्जन लोग जख्मी हो गये।

## डीएम और एसपी के नेतृत्व में मंडल कारा में प्रशासन की छापेमारी, नहीं मिला कोई आपत्तिजनक सामान

**केटी न्यूज/आरा**

मंडल कारा में रविवार की सुबह जिला प्रशासन द्वारा सघन छापेमारी की गई। करीब ढाई घंटे तक चली छापेमारी में पुलिस द्वारा मंडल कारा के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। हालांकि छापेमारी में जेल में कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। छापेमारी का मुख्य उद्देश्य जेल में होने वाली अवैध गतिविधियों और आपराधिक वारदात की साजिश की निगरानी व कार्रवाई करना था। इधर, जेल में अचानक छापेमारी से बंदियों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार सुबह करीब सात बजे डीएम राजकुमार और एसपी प्रमोद कुमार यादव के नेतृत्व में टीम की ओर से जेल में धावा बोल दिया गया। उसके बाद हर वार्ड की जांच की गयी। अस्पताल से किचेन और बैरक तक की तलाशी ली गयी। हालांकि किसी तरह कीकोई आपत्तिजनक सामग्री की बरामदगी नहीं हो सकी। डीएम और एसपी की ओर से बताया गया कि समान्य छापेमारी थी। हर वार्ड की सघनता से तलाशी ली गयी। इस छापेमारी का मुख्य उद्देश्य कारा के अंदर किसी भी प्रकार की होने वाली आपराधिक घटनाओं के लिए साजिश और अन्य किसी अवैध गतिविधि को चेक किया जाए तथा उस पर विधिक करवाई की जाये। छापामारी में किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध सामग्री या आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है। जेल अधीक्षक को कारा कैंपस की निगरानी रखने के साथ कई महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए गए, ताकि किसी प्रकार की अवैध व आपराधिक गतिविधियों की साजिश या अन्य गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। आगे भी जेल परिसर में आकस्मिक रूप से छापामारी और चेकिंग जारी रहेगी। छापेमारी में सदर एसडीम, ज्योति नाथ शाहदेव, एएसपी परिचय कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी कन्हैया प्रसाद, रश्मि कुमारी, टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार और नवादा थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह शामिल थे।

## बिजली बोर्ड को भेज दिया सर्टिफिकेट की जांच का पत्र

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

शिक्षा विभाग का एक अजीबोगरीब कारनामा सामने आया है। सुनैना कुमारी नामक एक शिक्षिका के शैक्षणिक प्रमाण पत्र फर्जी होने की शिकायत पर शिक्षा विभाग ने उसके प्रमाण पत्र की जांच करने का निर्णय लिया। लेकिन, जांच के लिए पत्र बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड को नहीं भेज कर बिहार स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड को भेज दिया। यहां यह उल्लेखनीय है कि दोनों का संक्षिप्त नाम बीएसईबी ही है। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि बिहार स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड को भेजे गए पत्र के आलोक में बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड के द्वारा प्रमाण पत्र के सत्यापन की कॉपी भी अभिलेख में उपलब्ध है।

यह बात दीगर है कि बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड ने सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचना के तहत यह जानकारी उपलब्ध कराई कि सुनैना कुमारी नामक शिक्षिका के प्रमाण पत्र के सत्यापन के संबंध में बोर्ड के जिस पत्रांक का जिक्र किया जा रहा है, वह बोर्ड द्वारा नहीं भेजा गया है।

इस मामले की जांच करने का आदेश मगध प्रमंडल के कमिश्नर द्वारा भी दिया गया है। लेकिन इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा प्रमाण पत्र के सत्यापन प्रतिवेदन को गलत ठहराए जाने के बाद भी शिक्षा विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी दिलीप अग्रवाल ने नाराजगी जताई है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) दिनेश पासवान के विरुद्ध दायित्वों के निर्वहन की विफलता के आलोक में दंडात्मक कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्वयं इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है।






## खबरें फटाफट

### ट्रेन की चपेट में आ अधेड़ की मौत, पहचान में जुटी जीआरपी

**डुमरांव।** दानापुर डीडीयू रेलखंड के स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना रविवार को दोपहर लगभग 12 बजे पूर्वी रेलवे क्रासिंग पर अप लाईन की है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में ले पहचान का प्रयास किया। लेकिन घंटो के प्रयास के बाद भी जब पहचान नहीं हो सका तो जीआरपी ने उसे पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। आशंका जताई जा रहा है कि रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया होगा। घटना के बाद पूर्वी क्रासिंग पर अफरा तफरी मच गई थी। घटना स्थल पर दर्जनों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। समाचार लिखे जाने तक मृतक का पहचान नहीं हो सका है। जीआरपी के पोस्ट प्रभारी ने कहा कि मृतक की शिनाख्त की जा रही है। ।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ का द्वितीय वार्षिक सम्मेलन 10 मार्च को

**बक्सर।** बिहार वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन (श्रमजीवी पत्रकार संघ) के जिला स्तरीय बैठक रविवार को हुई। जिसमें 10 मार्च को आयोजित संघ के द्वितीय वार्षिक सम्मेलन को सफल बनाने पर चर्चा की गई। यह बैठक जिला अतिथि गृह स्थित सभागार की गई । अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ शशांक शेखर ने व संचालन चंद्रकांत निराला ने किया। बैठक में सदस्यों ने सर्वसम्मति से तय किया कि संघ का द्वितीय वार्षिक सम्मेलन 10 मार्च आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सदस्यों ने अपनी अपनी राय व्यक्त की। बैठक में पत्रकार जयमंगल पांडेय, कुंदन ओझा, उमेश पांडेय, आलोक कुमार, शंकर पांडेय, गुलशन सिंह, सत्येंद्र सिंह, प्रतिमा भारद्वाज, विशवम्भर मिश्र, पंकज कमल, विमल सिंह, गोल्डी, सत्येंद्र चौबे, राजू ठाकुर समेत कई अन्य पत्रकार मौजूद थे।

## नशेड़ी बोले.... तस्कर चौकीदार को देता है हर दिन 200 रूपए

# रघुनाथपुर में चरम पर है हेरोईन तस्करी का धंधा, वीडियो वायरल

♦ मादक पदार्थों के तस्करों का नेटवर्क इलाके में काफी मजबूत

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



स्थानीय थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर व रघुनाथपुर इलाके में हेरोईन तस्करी का धंधा इन दिनों परवान पर है। वहीं नशेड़ियों की संख्या भी बढ़ गई है। जिस कारण सभ्य शरीफ लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। वायरल एक वीडियो में तीन लोग हेरोईन पीते नजर आ रहे है। हेरोईन पीने के दौरान नशेड़ियों ने तस्करी के पूरे खेल व स्थानीय चौकीदार की पोल भी खोल दी है। वीडियो में एक नशेड़ी कह रहा है कि उनलोगों को महादलित बस्ती से हेराईन की खेप आसानी से मिल जाती है। उक्त नशेड़ी ने बताया है कि महादलित बस्ती के पिंटू नट हेरोईन का तस्कर है तथा स्थानीय चौकीदार भी उससे मिला हुआ है। नशेड़ी ने यहां तक कहा है कि तस्कर चौकीदार को हर दिन 200 रूपए देता है। जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो रहा है। वीडियो रघुनाथपुर का बताया जा रहा है। वही सूत्रों की मानें तो रघुनाथपुर तथा आस पास के इलाकों में लंबे समय से हेरोईन व गांजा जैसे मादक पदार्थों का धंधा फल फूल रहा है। जानकार बताते हैं कि मादक पदार्थों के तस्करों का नेटवर्क काफी मजबूत है। पूर्व में भी पुलिस की छापेमारी में रघुनाथपुर से हेरोईन की खेप बरामद हो चुकी है। जो इस बात की पुष्टि करती है कि रघुनाथपुर में लंबे समय से मादक पदार्थों के तस्कर सक्रिय है।

**नशे के सौदागरों के कारण बढ़ रही है चोरी की घटनाएं:** रघुनाथपुर इलाके में आए दिन होने वाली छोटी मोटी चोरियों के पीछे भी नशे के सौदागरों का हाथ बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो यहां आए दिन साइकिल चोरी के साथ ही छोटी मोटी चोरियां होती है। नशे के आदी अपनी लत को पूरा करने के लिए ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे है। वही स्थानीय पुलिस की सुस्ती से नशेड़ियों तथा तस्करों पर लगाम नहीं लग पा रहा है।

**शराबबंदी के बाद बढ़ गई है मादक पदार्थों की डिमांड:** बता दें कि बिहार में शराब बंदी कानून लागू होने के बाद नशेड़ियों के बीच मादक पदार्थों की डिमांड बढ़ गई है। यही कारण है कि नशे के सौदागरों का धंधा भी आसानी से फल फूल रहा है। वही युवा पीढ़ी तेजी से नशे की आदी हो रही है। नशे की लत लगने के बाद युवा छोटी मोटी चोरियों से लेकर बड़ी घटनाओं तक को अंजाम दे रहे है।

**कई अन्य इलाके भी है चर्चित:** रघुनाथपुर के अलावे अनुमंडल के कई इलाके भी हेरोईन तस्करी के लिए चर्चित है। जिनमें नावानगर थाना क्षेत्र का केसठ, कोरानसराय थाना क्षेत्र का स्थानीय गांव व मठिला तथा सिमरी थाना क्षेत्र बड़का गांव आदि गांवों में भी हेरोईन तस्करी की पुष्टि हो चुकी है।

**कहते है थानाध्यक्ष**

रघुनाथपुर में हेरोईन तस्करी की जानकारी अभी तक नहीं मिली थी। मामले की जांच करवाई जाएगी। पुष्टि होने पर तस्कर तथा उसे संरक्षण देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। - सुरेश प्रसाद सिंह, थानाध्यक्ष, ब्रह्मपुर

## केसठ बाजार में लगा सीसीटीवी कैमरा खराब

**केसठ।** प्रखंड के केसठ नया बाजार में अपराध और अपराधियों पर नजर रखने के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे मेंटेनेंस के बिना खराब पड़ी है। निसंदेह सीसीटीवी कैमरा अपराध होने के बाद अपराधी की पहचान और सीसीटीवी के माध्यम से अनुसंधान सही दिशा में हो पाती है। साथ ही अपराध होने से पहले की गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से नजर रखी जाती है। यू माने तो सीसीटीवी के खौफ से अपराधियों के भी हौसले में कमी आती है। उन्हें भी इस बात का डर होता है कि अगर किसी घटना को वह अंजाम देंगे तो, सीसीटीवी कैमरे के जरिए वह पकड़े जा सकते है। अधिकतर मामलों में सीसीटीवी के द्वारा ही घटना को सुलझाने में प्रशासन को आसानी होती है। ग्रामीणों का कहना है की बाजार में सीसीटीवी कैमरा लगने से अपराधियों व शराब तस्करों में भी भय व्याप्त था। लेकिन, केसठ में 15वी वित्त से दो सीसीटीवी कैमरा 29 सितम्बर 2022 में लगाये गए थे। जो लगने के कुछ माह बाद से ही खराब पड़े है। वहीं इस संबंध में केसठ प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि इस बात का संज्ञान है। इसकी तत्काल मरम्मति का कार्य कराया जाएगा। ताकि सुरक्षा बनी रही है।

## एक नजर

### न्यायिक भवन एवं निवास का मुख्य न्यायाधीश ने किया ऑनलाइन शिलान्यास



**बक्सर।** रविवार को पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विनोद कुमार चंद्रन ने 20 न्यायिक पदाधिकारी के भवन के अलावे प्रधान न्यायाधीश का निवास एवं 60 कर्मचारियों के लिए आवास के भवन निर्माण का संयुक्त रूप से ऑन लाइन शिलान्यास किया। इस अवसर पर एक कार्यक्रम पुराने जिला जज के निवास स्थल के पास आयोजित किया गया। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश के अलावे निरीक्षी न्यायाधीश अरुण कुमार झा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वर्चुल जुड़े रहे। कार्यक्रम की शुरूआत जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद नंदन सिंह ने किया उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि सरकार की यह अच्छी पहल है। इससे न्यायिक कर्मियों को कार्य करने में आसानी रहेगी। आवास नही नहीं रहने के कारण कर्मी बाहर किराये के मकान में रहते है। अब ऐसा नहीं हो पाएगा। न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि यह प्रयास रहता है कि पीड़ितों को जल्द से जल्द और बेहतर न्याय दिलाया जाए। चूंकि पीड़ित पहले से ही परेशान है। और न्याय में देरी होगी। तो उसकी पीड़ा और बढ़ते जाएगी। यह कहीं से भी नौसर्गिक न्याय की प्रणाली नहीं है। पिछले कुछ समय से न्याय की त्वरितता में बढ़ोतरी हुई है। संचालन न्यायिक दंडाधिकारी शुभम त्रिपाठी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय आशुतोष कुमार झा ने दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के अलावे सभी न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जवही दियर से डेढ़ लाख रु. के भैंसा की चोरी, पुलिस से गुहार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

ब्रह्मपुर थाना में रविवार को एक अजीब मामाल सामने आया। थाना क्षेत्र के जवही दियर गांव से आए करीब दर्जनभर ग्रामीणों ने पुलिस को लिखित आवेदन दे आरोप लगाया है कि गांव के ही नामजदों ने पशुपालक मूसन यादव के पालतू भैंसा की चोरी कर ली है। इस संबंध में मुसन ने पुलिस को एक आवेदन भी दिया है। जिसमें बताया कि गांव के ही सुदर्शन यादव, मनीष यादव, विशाल यादव समेत कुछ अन्य लोगों ने मिलकर 22 जनवरी की रात उसके पालतू भैंसा को पिकअप पर लाद कही ले जाकर बेच दिए है। पीड़ित पशुपालक ने बताया है कि भैंसा की कीमत करीब डेढ़ लाख रूपया है। हालांकि इस मामले को सुन पुलिस भी कुछ देर के लिए हैरान हो गई। खास यह कि मुसन के साथ करीब दर्जनभर पशुपालक थाना पहुंचे थे, पशुपालकों ने बताया कि उक्त भैंसा पूरे गांव के पशुपालकों के लिए उपयोगी साबित हो रहा था। चोरों ने उसे चुरा पशु पालकों की मुश्किलें बढ़ा दी है। ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## प्यार में धोखा... युवती ने खाई पैरासिटामॉल की कई गोलियां

**केटी न्यूज/डुमरांव**

प्रेमी से धोखा खा चुकी और परेशान एक युवती ने आत्महत्या की नियत से पैरासिटामॉल की कई गोलियां खा ली। जिसके बाद उसकी तबीयत खराब हो गई। आनन फानन में उसे इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसकी बिगड़ती हालत को देख डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान युवती आत्महत्या करने की बात कह रही थी। मिली जानकारी के अनुसार भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के एक गांव की 31 वर्षीय युवती की बहन की शादी नया भोजपुर में हुई है। वह अक्सर अपने बहन के घर आती थी, इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले दूसरे धर्म के किसी युवक से उसका प्रेम संबंध बन गया। इधर युवक पहले से शादी शुदा था तथा वह इस बात को युवती से छिपाया था। कई दिनों तक युवती का शोषण करने के बाद वह शादीशुदा होने का हवाला दे शादी से मुकर गया। जिसके बाद युवती ने ऐसा कदम उठाया। उसके बहन के ससुराल वाले ही उसे लेकर अस्पताल गए थे।




## अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ की जिला इकाई की बैठक संपन्न

**केटी न्यूज/बक्सर**

अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ जिला इकाई की एक बैठक रविवार को संपन्न हुई। जिसमें संघ की मजबूती पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हीरालाल ने की। बैठक के दौरान चर्चा करते हुए संघ के सदस्यों ने सर्वप्रथम संत शिरोमणि रविदास जयंती 26 फरवरी को रविदास आश्रम पर मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही जयंती समारोह की रणनीति तय किया गया। वही संघ के सुदृढ़ीकरण पर विचार करते हुए इसका प्रखंड स्तर तक विस्तार पर भी चर्चा हुआ। वहीं बाबा साहब की अंबेडकर चौक पर प्रतिमा के सौंदर्यीकरण और प्रतिमा के चारों तरफ पीतांबर की व्यवस्था किए जाने हेतु प्रशासन से अनुरोध किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने देश को एक नई दिशा दी थी। जिसका परिणाम उसी समय से दिखाई पड़ने लगा था। देश तेजी से प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो गया था। उनकी भावनाओं का कद्र करते हुए उनके विचारों को और बढ़ाने की जरूरत है। आज के युवाओं को उनके विचार व मार्ग दर्शन अपनाने की जरूरत है। तभी देश और तेजी से आगे बढ़ेगा। उक्त बैठक में रमेश चंद्र राम, अमित कुमार, कुलश्रेष्ठ चौधरी, जनार्दन राम, श्रीनिवास राम, पारसनाथ, मनोज कुमार भारती, चंद्रमा राम, जगदीश राम, अरुण कुमार, महेंद्र राम समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को नववर्ष की डायरी व कैलेण्डर भेंट किया गया।

## रघुनाथपुर में जमीन विवाद में गरजी बंदूक, हवाई फायरिंग से मचा दहशत, दो हिरासत में

♦ एक पक्ष द्वारा विवादित जमीन पर कराया जा रहा था निर्माण

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में रविवार की सुबह जमीन विवाद में दो पक्ष आमने सामने आ गए। इस दौरान एक पक्ष द्वारा दहशत मचाने के लिए हवाई फायरिंग की गई। जिससे मौके पर भगदड मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। वही सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर में एक कट्ठा के एक भूखंड पर विजय उपाध्याय व चंद्रशेखर पाठक के बीच लंबे समय से उक्त भू-खंड पर विवाद चल रहा था। पूर्व में भी कई बार मामले को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने हुए थे। इसी बीच पिछले एक सप्ताह से दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया था। स्थानीय लोगों की मदद से मामले का पटाक्षेप करने का प्रयास किया था। दोनों पक्षों के बीच पंचायती भी हुई थी। परंतु किसी ठोस बिन्दु पर बात नहीं बन पा रही थी। रविवार को विजय उपाध्याय के पक्ष के लोग उक्त भू-खंड पर निर्माण कार्य शुरू कर दिये। यह देख दूसरे पक्ष के लोगों ने रोकने का प्रयास किया था। लेकिन, बात नहीं बनी। देखते ही देखते सुबह करीब दस बजे दूसरे पक्ष ने वहां पहुंच फायरिंग किया। सूत्रों की मानें तो लाइसेंसी बंदूक से तीन राउंड फायर किया गया



है। जिसके बाद वहा भगदड़ गई। वही पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। इसे संबंध में विजय उपाध्याय के बयान पर करीब आधा दर्जन लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इस मामले में कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जमीन विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया है।




## केसठ प्रखंड के स्थानीय बाजार में राजद कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

# 2024 के लोकसभा चुनाव में राजद का रहेगा दबदबा : पप्पू यादव

**केटी न्यूज/केसठ**

23 फरवरी को किला मैदान बक्सर में आयोजित पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के कार्यक्रम को सफल बनाने को ले प्रखंड के स्थानीय नया बाजार में रविवार को राजद नेताओं व कार्यकताओं की बैठक प्रखंड अध्यक्ष सुमेश्वर यादव के अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसका संचालन रमेश रजक ने किया। बैठक में मुख्य रूप से राजद डुमरांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुनील कुमार सिंह उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि वर्तमान में बिहार के सबसे लोकप्रिय युवा नेता तेजस्वी यादव ने प्रण लिया है कि 2024 में देश के सांप्रदायिक शक्तियों से मुक्ति करेंगे। बिहार लड़ता है तब तब सांप्रदायिक शक्तियां हारती है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गया स्नातक एमएलसी पूर्व प्रत्याशी डॉ. पुनीत ने कहा कि जिले के किला मैदान में लोकप्रिय युवा नेता तेजस्वी यादव आ रहे है उनके बातों को सुने। उन्होंने कहा कि भाजपा के 9 वर्ष के कार्यकाल



को आम जनता को बताना उनका मुख्य उद्देश्य है। लालू प्रसाद जिस दबे कुचले शोषित पीड़ित को आवाज देकर स्वाभिमान पैदा किया और लोगों में सामाजिक क्रांति लाई जिससे लोगों को हक मिलना सहज हो गया। जिन पिछड़ों को आरक्षण नही मिलता था। लड़ाई लड़ कर आरक्षण लागू कराया। लालू प्रसाद सहित तेजस्वी यादव एव इंडिया गठबंधन के अनेक नेताओं को सीबीआई, ईडी, इंकमटैक्स से डराया जा रहा है। आवाज दबाने वाले, सम्प्रदायिकता के उन्माद फैलाने वाले भाजपा के करतूतों को गांव गांव में जा बताया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से युवा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, क्लामुदिन अंसारी,रजनीश यादव,रविकांत रजक,गुड्डु यादव,चौगाई प्रखंड अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, जितेंद्र पहलवान, सोनू सिंह, अनिल कुमार, बिक्रमा सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, रियाजुदीन आदि उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य अतिथि ने कहा की एनडीए की सरकार में बिहार बहुत बड़ी क्षति की ओर बड़ रहा है।युवा युवा को पता है रोजगार मतलब तेजस्वी यादव।वही पप्पू यादव ने कहा की 2024 के लोकसभा चुनाव में राजद का दबदबा रहेगा। वही नेताओं ने 23 फरवरी को हजारों हजारों की संख्या में किला मैदान में लोगो को पहुंचने को ले अपील किए।



# किसी भी राष्ट्र की प्राण शक्ति का सबसे बड़ा स्रोत युवा वर्ग है: मनोज सिन्हा

- उच्च व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचितों तक शिक्षा की रोशनी पहुंचने का हम काम करें
- खरडीहा महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उपस्थित हुए जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनंत अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि आप सभी प्रगति के इन अवसरों का लाभ उठाएंगे और समाज के ऐसे वर्ग जो उच्च और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से अब तक वंचित हैं, उन तक शिक्षा की रोशनी पहुंचने का काम भी करेंगे। यह बात आज जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने खरडीहा महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह के अवसर पर छात्रों, युवाओं तथा लोगों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने बताया कि वैश्विक परिवर्तन के मुताबिक नौजवान क्या बदलाव चाहता है और उस बदलाव में उनके संकल्पों के मुताबिक व्यवस्था क्या जुटाई गई है। इसका प्रयत्न पिछले दस सालों से तेज गति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किया गया है। उन्होंने कहा



कि स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि कर्म के नियम को भ्रम में नहीं डाला जा सकता है। किसी भी राष्ट्र की प्राण शक्ति का सबसे बड़ा स्रोत उसका युवा वर्ग है। इनकी ऊर्जा से भविष्य के रास्ते निर्मित होते हैं, अगर एक रास्ता बंद होता है तो अनेक रास्ते युवा बना लेते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के कुल 27 छात्र छात्राओं को उपाधि तथा छात्रों को गोल्ड मेडल मुख्य अतिथि जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल तथा कुलपति वंदना सिंह के कर कमलों से दिया गया।तथा मानव मूल्य एव मानवाधिकार पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इससे पहले विद्यालय प्रबंधक शशिकांत राय प्राचार्य कुंवर भानु प्रताप सिंह आदि के द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि प्रेमनारायण सिंह ने भी सम्बोधित किया। स्वागत उदबोधन प्राचार्य कुंवर भानु प्रताप सिंह ने दिया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कुलपति वंदना सिंह तथा संचालन प्रो चंद्रकांता राय ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डा संगीता बलवंत,विजय मिश्र (पूर्व मंत्री), उपेन्द्र तिवारी, प्रबंधक शशिकान्त राय, ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय, अवधेश राय, आनन्द राय मुन्ना, पियुष राय, विनोद राय, ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह, दयाशंकर पांडेय, मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, श्यामराज तिवारी,सशांक शेखर राय, सतीश राय, अनिल राय, राजेश मिश्रा, विजय शंकर राय, रामनरेश कुशवाहा, शोभनाथ यादव, रविन्द्र राय,जयकृष्ण राय , अभिनव सिंह छोटू,अविनाश सिंह, राघवेन्द्र पांडेय सहित आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## बलिया में उत्तर प्रदेश आरक्षी भर्ती परीक्षा में पुलिस प्रशासन की तत्परता से पकड़े गये मुन्ना भाई

# पुलिस भर्ती परीक्षा: 3 गैंग के 13 गिरफ्तार

- परीक्षा के वक्त दो मुन्ना भाई गिरफ्तार
- दोनों अभ्यर्थियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, एक गिरफ्तार, एक फरार
- रसड़ा से एक, बांसडीहरोड से एक व थाना कोतवाली से 12 अभियुक्त गिरफ्तार

**तिलक कुमार/बलिया**



उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के तीन गैंग के 11 गैंग मेंबर को जनपदीय पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसके अलावा दो मुन्ना भाई को भी गिरफ्तार किया गया जो दूसरे अभ्यर्थी के जगह बैठकर परीक्षा दे रहे थे। जबकि एक मास्टरमाइंड को रसड़ा पुलिस परीक्षा से पहले ही रसड़ा से गिरफ्तार कर लिया था। इस प्रकार गैंग और मुन्ना भाई समेत कुल 14 आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका हैं। इन गैंग के संपर्क में आने वाले सभी अभ्यर्थियों की परीक्षा केंद्रों में विशेष रूप चेक किया गया। और पुलिस की पैनी नजर रही। पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा दोनों अभ्यर्थियों के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि दूसरा फरार चल रहा है। पकड़े गए अभियुक्त में प्रथम गैंग के अभय कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व विश्वनाथ प्रसाद निवासी जेपी नगर गडवार रोड थाना कोतवाली बलिया, विनित कुमार राम पुत्र स्व सुदामा राम निवासी मिसरौली थाना पकड़ी बलिया, रुकुमकेश पाल उर्फ मुन्ना पाल पुत्र स्व शिवलगन पाल निवासी मडया थाना कोतवाली आजमगढ को गिरफ्तार किया। जबकि दूसरे गैंग के फतेहबहादुर राजभर पुत्र दीनानाथ राजभर निवासी पहाड़पुर थाना हलधरपुर मऊ, अजीत यादव पुत्र शिवजनक यादव निवासी गौरनिया थाना पकड़ी बलिया, वरुण कुमार यादव पुत्र रामप्रवेश यादव निवासी विसुकिया थाना गड़वार बलिया तथा तीसरे गैंग के अमित यादव पुत्र लोकनाथ यादव निवासी पाण्डेयपुर थाना फेफना बलिया, विशाल यादव पुत्र विनोद यादव निवासी तीखा थाना फेफना बलिया, अंकित यादव पुत्र हरेराम यादव निवासी पहाडपुर चिलकहर थाना रसडा बलिया, निखिल यादव पुत्र राजेश यादव निवासी बिसुकिया थाना गडवार बलिया, गिरजाशंकर पुत्र रामनाथ बरवा थाना भीमपुरा बलिया को गिरफ्तार किया। रसड़ा पुलिस ने पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा होने से पहले ही मास्टरमाइंड सलीम अंसारी पुत्र नईमुद्दीन अंसारी निवासी वार्ड नंबर 21 उत्तर पट्टी थाना रसड़ा जनपद बलिया को गिरफ्तार कर चुकी है। इस प्रकार कुल 12 मास्टरमाइंड और दो मुन्ना भाई समेत 14 लोगों को सर्विलांस सेल, साइबर सेल, अभिसूचना इकाई व सोशल मीडिया सेल के सहयोग से एसओजी व सर्विलांस टीम व जनपदीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके अलावा दोनों अभ्यर्थियों के विरुद्ध भी संबंधीत धारा में मुकदमा दर्ज कर अभ्यर्थी उपेंद्र कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अंगद कुमार अभी फरार चल रहा है

**एसपी देवरंजन वर्मा:** एसपी देवरंजन वर्मा ने बताया कि बीते 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा से पूर्व रसड़ा से मास्टरमाइंड सलीम अंसारी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया था जिसके पास से काफी चीजे बरामद हुई थी।इनके पास से ब्लूटूथ, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, ब्लैंक चेक सहित नकदी रुपए बरामद किए गए।

**अभियुक्तों के पास से यह हुआ बरामद:** अभियुक्तों के पास से एक लाख 220 रुपया नकद तथा 46 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र, 22 मूल अंक प्रमाण पत्र व सनद व 16 ब्लैंक चेक, एक वाकी टाकी सैट, दो इलेक्ट्रानिक डिवाइस, एक ब्लूटूथ, दो डिवाइस बैट्री, एक आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, एक डीएल बरामद बरामद किया गया।

**गैंग अभय कुमार श्रीवास्तव:** पकड़े गए गैंग के अभियुक्त अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थियों को भर्ती कराने का झांसा देकर उनसे ब्लैंक चेक और उनकी मूल अंक पत्र, आधार कार्ड व एडमिट कार्ड की छायाप्रति लिए है। इनसे भर्ती होने के बाद इन ब्लैंक चैकों में 10 लाख रुपये प्रति कन्डिडेट की योजना बनाए थे। आज वही सर्टिफिकेट व कागजात परीक्षा समाप्त होने के बाद लड़कों से प्राप्त हुआ।

**गैंग गिरजाशंकर:** पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम सभी लोग एक राय होकर अभ्यर्थियों को बहला फुसलाकर उनके कान में ब्लूटूथ लगाकर परीक्षा केन्द्र पर भेजते हैं और वहीं से पेपर आउट कराकर साल्व करके उन सभी प्रश्नों का उत्तर उन अभ्यर्थियों को भेजते हैं। हम लोगों द्वारा पुलिस परीक्षा, यूपी टेट परीक्षा, सी टेट परीक्षा, पेट परीक्षा के परीक्षाथीयों को परीक्षा में चयन कराने का झांसा देकर सात लाख रुपए प्रत्येक कैंडिडेट से लेते हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस पकड़े गये गैंग के मास्टर मांइडों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। साथ ही इनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

## फेफना में ओवरटेक करने को लेकर हुई मारपीट, तीन मजदूर घायल



**केटी न्यूज/फेफना**

फेफना कस्बा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार की सुबह पिकअप को ओवरटेक करने के दौरान पास न देने पर बाइक सवार दो युवक और पिकअप में सवार मजदूरों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में पिकअप सवार तीन मजदूर घायल हो गए। सूचना पाकर जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती दोनों युवक बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पिकअप मजदूरों ने हंगामा शुरू कर दिया। बता दें कि ओएनजीसी कंपनी में काम करने के लिए मजदूर पिकअप से बलिया जा रहे थे। मजदूरों से भरी पिकअप ज्योंहि राष्ट्रीय राजमार्ग पर फेफना कस्बा में पहुंची कि पीछे से आ रहे बाइक सवार के साथ ओवरटेक करने को लेकर तकरार हो गई। इसके बाद दोनों तरफ से मारपीट शुरू हो गई। जिसमें पिकअप सवार अरुणेश 30 वर्ष निवासी फत्तेपुर, आलोक 31 वर्ष निवासी कौशांबी व राममीलन 22 वर्ष निवासी भीमपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस पहुंचने से पहले ही बाइक सवार दो युवक बाइक छोड़कर फरार हो गए। दोनों बाइक सवार युवक पुलिस की पकड़ से दूर हैं। हालांकि गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## शादी के महज चार दिन बाद ही दूल्हे की संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/ मऊ**



जिले के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के उसरी गांव में तालाब किनारे एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार को शव मिला। युवक की पहचान आजमगढ़ जिले के लारो गांव निवासी के रूप में हुई। मृतक की चार दिन पहले ही शादी हुई थी। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के शरीर पर चोट के निशान तो नहीं मिले। लेकिन उसके पास मिले गमछे से गला घोटने की कयास लगाई जा रही है। मृतक आजमगढ़ जिले के लारो गांव निवासी घनश्याम चौहान घोसी कोतवाली क्षेत्र के अमिला के चौहानपुर में अपने ससुराल में ही बीते कई सालों से रहता है। बीते 13 फरवरी को घनश्याम का बड़ा पुत्र लवकुश का विवाह आजमगढ़ जिले के छतावारा गांव निवासी पायल के साथ हुई थी। शादी के दो दिन बाद से लवकुश दोहरीघाट थाना क्षेत्र के उसरी विश्वनाथपुर प्राथमिक विद्यालय के बगल मे बने नए मकान में पत्नी के साथ रह रहा था। परिजनों ने बताया कि शनिवार की देर रात वह किसी के बुलाने पर घर के बाहर गया था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। वहीं रविवार की सुबह भी जब नहीं आया तो पायल ने अपनी सास अंबिका को फोन कर इसकी सूचना दी। कुछ देर बाद राहगीरों द्वारा उसरी में तालाब के पास एक युवक के शव मिलने की सूचना पर जब परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो उसकी शिनाख्त लवकुश के रूप में की। घटना की जानकारी मिलने पर दोहरीघाट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के संबंध में एसपी अविनाश पांडेय ने बताया पुलिस जांच में जुटी है, शीघ्र ही घटना का उदभेदन कर दिया जाएगा।

## लोकसभा चुनाव- 2024 के प्रति एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर संगठन ने सौंपी

# भाजपा युवा मोर्चा ने आयोजित किया युवा चौपाल कार्यशाला

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम युवा चौपाल की कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन के कांफ्रेंस हॉल में जिलाध्यक्ष विश्व प्रकाश अकेला की अध्यक्षता में हुई। जिला महामंत्री प्रवीण सिंह ने कहा की युवा मोर्चा के नेतृत्व में युवा चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सरकार द्वारा युवाओं के भविष्य निर्माण, आर्थिक उत्थान के लिए सरकार ने योजनाओं के माध्यम से समर्पित प्रयास किया। यह कार्यक्रम लोकसभा चुनाव- 2024 के प्रति एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर संगठन ने सौंपी है। भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर ने कहा कि भाजपा जैसे कार्यकर्ता किसी भी राजनैतिक दल में नहीं मिलेंगे, जो सदैव समर्पित होकर निःस्वार्थ भाव से संगठन और समाज की सेवा करते हैं और इसी सेवा भाव के साथ आप सभी को युवा चौपाल कार्यक्रम शीर्ष नेतृत्व ने दिया है। इस अवसर पर अमरनाथ विश्वकर्मा, हर्षित सिंह, प्रीति गुप्ता, जितेंद्र उपाध्याय,आशुतोष राय, शिवम राय, गौरव श्रीवास्तव, मनोज सिंह, सौरभ उपाध्यक्ष, दुष्यंत अग्रहरि, मुकेश मौर्या, रिपुञ्जय गुप्ता, सुनील चौधरी, योगेश शुक्ला आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुल्तानपुर में रोजगार मेले का आयोजन 153 का अंतिम राउंड के लिए चयन

**गाजीपुर।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजनान्तर्गत कौशल विकास मिशन गाजीपुर एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आदर्श कन्या हाई स्कूल सुल्तानपुर, मोहम्मदाबाद परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी कंपनियां क्वैस कार्पोरेशन, सत्याग एंप्लॉयमेंबिलीटी सर्विसेज, वीएसडी एवं जॉब सीकर्स स्टाप द्वारा डिक्सन, पैजेट, मिकुनी के लिए चयन सहित कुल 06 कम्पनियों द्वारा ट्रेनी, फील्ड आफीसर, मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन, फीटर, कम्प्यूटर आपरेटर, इलेक्ट्रानिक मैनूफक्चौरिंग, हेल्पर आदि पदों पर चयन किया गया। मेले में लगभग 339 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से विभिन्न पदों पर कुल 153 अभ्यर्थियों का अन्तिम राउंड के लिए चयन किया गया। भारत के कार्यबल को कुशल बनाकर अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने के लिए भारत सरकार के स्किल इण्डिया मिशन के तहत स्किल इण्डिया इंटरनेशल सेंटर एसआईआईसी वाराणसी द्वारा उक्त हाई स्कूल परिसर में प्री-काउंसिलिंग की गई। इसमें विभिन्न क्षेत्र के जॉब रोल्स के लिए प्री-काउंसलिंग में लगभग 22 अभ्यर्थियों को SIIC वाराणसी टीम द्वारा काउंसलिंग की गई।

## खबरें फटाफट

### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों को रखे जाएंगे संविदा कर्मचारी

**गाजीपुर।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बताया कि जनपद में संचालित 14 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों को संविदा के आधार पर भरे जाने के लिए विज्ञप्ति प्रकाशित कराई गई थी। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा लखनऊ के अनुसार केजीबीसी छह से आठ में रिक्त 49 पदों के सापेक्ष अंशकालिक शिक्षिका, पूर्णकालिक शिक्षिका एवं लेखाकार के पद पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। कटऑफ मेरिट के अन्तर्गत आने वाले शैक्षिक कर्मचारियों, लेखाकार तथा गैर शैक्षणिक पदों यथा चपरासी, चौकीदार, सहायक रसोइया एवं मुख्य रसोइया के रिक्त पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थिनियों को निर्देशित किया जाता है कि वह आवेदन पत्र में उल्लिखित समस्त अभिलेखों यथा शैक्षणिक अभिलेख, आधार कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र व आरक्षण से सत प्रमाण पत्र की मूल प्रति और उसका दो सेट स्व-प्रमाणित छायाप्रति एवं प्रस्तुत किए गए अभिलेखों के सत्यता के संबंध में किसी विभाग में कार्यरत न होने के संबंध में अथवा यदि कार्यरत हैं, तो विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र व विभागीय कार्रवाई न होने के संबंध में एक शपथ पत्र सहित आयोजित काउन्सिलिंग/साक्षात्कार में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### वित्तीय आत्मनिर्भरता बढ़ाएं महिलाएं : डीएम

**मऊ।** निवेशकों का पसंदीदा डेस्टिनेशन उत्तर प्रदेश, उत्तम परिवेश सुरक्षित निवेश के तहत आज डीसीएसके पीजी कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मंडल आयुक्त मनीष चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। ज्ञातव्य है कि 19 फरवरी को लखनऊ में आयोजित होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के क्रम में आज जनपद मुख्यालय स्थित डीसीएसके पीजी कॉलेज में युवा छात्र-छात्राओं के बीच उद्यम को लेकर जागरूकता फैलाने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों के प्रयासों से कानून व्यवस्था में सुधार के साथ ही उद्यमियों को तमाम सुविधाएं प्रदेश सरकार उपलब्ध करा रही है, जिससे प्रदेश में निवेशकों का विश्वास बढ़ा है एवं निवेश में वृद्धि हुई है। इसके अलावा कई अनावश्यक कानूनो को वर्तमान सरकार द्वारा निवेशकों को आकर्षित करने हेतु खत्म किया गया है तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से ऐसे कोर्स करने को कहा, जो रोजगार उपलब्ध कराए। इसके अलावा वर्तमान में जिन क्षेत्रों में मांग ज्यादा है, उनमें अपनी क्षमता के अनुसार फोकस कर कोई न कोई कौशल विकास कर स्वयं रोजगार देने वाला बनने को कहा। मंडल आयुक्त ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से अपनी पसंद का क्षेत्र चुनकर उसमें मेहनत कर सफलता हासिल करने को कहा। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा रोजगार उपलब्ध कराए जाने के सीमित अवसर के दृष्टिगत युवाओं को अपनी स्किल के अनुसार मेहनत कर आगे बढ़े।

## एक नजर

### मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है : दामोदर उपाध्याय



**बलिया।** भिखारीपुर अंजोरपुर स्थित बाबा क्लीनिक पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 150 मरीजों का निःशुल्क इलाज हुआ। इसके साथ ही जररूरतमंदों में निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। शिविर में डा. अभिषेक, डा. डीके पाल, डा. एके विश्वकर्मा, डा. डी उपाध्याय ने मरीजों की जांच करने के साथ ही उनका माकूल उपचार किया। इस मौके पर दामोदर उपाध्याय ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इस तरह का आयोजन हर किसी को करना चाहिए। बहुतसे मरीज जो कि पैसाभाव में कहीं इलाज कराने नहीं जा पाते हैं। उनके लिए इस तरह का शिविर निश्चित लाभदायी होगा। बताया कि आने वाले दिनों में इससे भी वृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर शिवजी राय, रीतेश कुमार, लाल मोहन राय आदि रहे।

### सामूहिक विवाह : ऑनलाइन होगा आवेदन

**गाजीपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने जनपदवासियों को अवगत कराया कि सामूहिक विवाह में हिस्सा लेने के लिए इच्छुक लाभार्थी अब पोर्टल के माध्यम से कर सकेगें आवेदन। समाज कल्याण विभाग लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अनुपालन में फरवरी- 2024 में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन जनपद स्तर पर 24 फरवरी 2024 को कराए जाने के लिए तिथि निर्धारित की गई है। पात्रता जिसमें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आवेदन करने के लिए आवेदक के परिवार की आय रुपये 2,00,000 वार्षिक से कम होनी चाहिए। विवाह के लिए आवेदन में पुत्री की आयु विवाह की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर के लिए 21 साल की आयु पूर्ण हो गई हो। आयु की पुष्टि के लिए स्कूल शैक्षिक रिकार्ड-जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड-मतदाता पहचान पत्र-मनरेगा जॉब कार्ड मान्य होंगे। अनुसूचित जाति-जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।



### लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस जेसीबी से टकराई

**चंदौली।** बनारस से मुंबई जा रही लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलवे ट्रैक पार कर रहे जेसीबी से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जेसीबी का एक हिस्सा टूट गया और इंजन में फंस कर दो सौ मीटर तक घिसटता गया। चालक ने आपातकालीन ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका। इस घटना में इंजन का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। तेज आवाज और झटका ट्रेन रुकने से यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। मौके पर अधिकारी पहुंच गए। क्षतिग्रस्त इंजन की मरम्मत कर ढाई घंटे बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हुआ। बनारस से मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनल के लिए लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट एक्सप्रेस रविवार को दिन में साढ़े दस बजे बनारस रेलवे स्टेशन से खुली। ट्रेन लगभग 11 बजे व्यासनगर रेलवे स्टेशन के समीप से गुजर रही थी। इसी बीच नीबूपुर गांव के समीप रेलवे का कार्य कर रही जेसीबी रेलवे ट्रैक पार करने लगी। तेज रफ्तार ट्रेन से जेसीबी की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जेसीबी के परखच्चे उड़ गए। वहीं ट्रेन के इंजन का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। यही नहीं जेसीबी लगभग दो सौ मीटर दूर तक घिसटती गई। चालक ने आपात ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका। आपातकाल ब्रेक से ट्रेन झटके के साथ खड़ी हो गई। इससे यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। इस घटना में जेसीबी चालक भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जेसीबी फैलने से दूसरे ट्रैक पर भी आवागमन रुक गया।






# जैविक खेती

**संपूर्ण विश्व में बढ़ती हुई जनसंख्या एक गंभीर समस्या है, बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ भोजन की आपूर्ति के लिए मानव द्वारा खाद्य उत्पादन की होड़ में अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए तरह-तरह की रासायनिक खादों, जहरीले कीटनाशकों का उपयोग, प्रकृति के जैविक और अजैविक पदार्थो के बीच आदान-प्रदान के चक्र को (इकालाजी सिस्टम) प्रभावित करता है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति खराब हो जाती है, साथ ही वातावरण प्रदूषित होता है तथा मनुष्य के स्वास्थ्य में गिरावट आती है।**



भारत वर्ष में ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार कृषि है और कृषकों की मुख्य आय का साधन खेती है। हरित क्रांति के समय से बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए एवं आय की दृष्टि से उत्पादन बढ़ाना आवश्यक है अधिक उत्पादन के लिये खेती में अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरको एवं कीटनाशक का उपयोग करना पड़ता है जिससे सीमान्य व छोटे कृषक के पास कम जोत में अत्यधिक लागत लग रही है और जल, भूमि, वायु और वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है साथ ही खाद्य पदार्थ भी जहरीले हो रहे है। इसलिए इस प्रकार की उपरोक्त सभी समस्याओं से निपटने के लिये गत वर्षो से निरन्तर टिकाऊ खेती के सिध्दान्त पर खेती करने की सिफारिश की गई, जिसे प्रदेश के कृषि विभाग ने इस विशेष प्रकार की खेती को अपनाने के लिए, बढ़ावा दिया जिसे हम जैविक खेती के नाम से जानते है। भारत सरकार भी इस खेती को अपनाने के लिए प्रचार-प्रसार कर रही है।

## जैविक खेती से लाभ

भूमि की उपजाऊ क्षमता में वृध्दि हो जाती है। सिंचाई अंतराल में वृध्दि होती है । रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से कास्त लागत में कमी आती है। फसलों की उत्पादकता में वृध्दि।

## मिट्टी की दृष्टि से

जैविक खाद के उपयोग करने से भूमि की गुणवत्ता में सुधार आता है। भूमि की जल धारण क्षमता बढ़ती हैं। भूमि से पानी का वाष्पीकरण कम होगा।

## पर्यावरण की दृष्टि से

भूमि के जल स्तर में वृध्दि होती हैं। मिट्टी खाद पदार्थ और जमीन में पानी के माध्यम से होने वाले प्रदूषण मे कमी आती है। कचरे का उपयोग, खाद बनाने में, होने से बीमारियों में कमी आती है । फसल उत्पादन की लागत में कमी एवं आय में वृध्दि अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्पर्धा में जैविक उत्पाद की गुणवत्ता का खरा उतरना।

जैविक खेती, की विधि रासायनिक खेती की विधि की तुलना में बराबर या अधिक उत्पादन देती है अर्थात जैविक खेती मृदा की उर्वरता एवं कृषकों की उत्पादकता बढ़ाने में पूर्णत– सहायक है। वर्षा आधारित क्षेत्रों में जैविक खेती की विधि और भी अधिक लाभदायक है । जैविक विधि द्वारा खेती करने से उत्पादन की लागत तो कम होती ही है इसके साथ ही कृषक भाइयों को आय अधिक प्राप्त होती है तथा अंतराष्ट्रीय बाजार की स्पर्धा में जैविक उत्पाद अधिक खरे उतरते हैं। जिसके फलस्वरूप सामान्य उत्पादन की अपेक्षा में कृषक भाई अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आधुनिक समय में निरन्तर बढ़ती हुई जनसंख्या, पर्यावरण प्रदूषण, भूमि की उर्वरा शक्ति का संरक्षण एवं मानव स्वास्थ्य के लिए जैविक खेती की राह अत्यन्त लाभदायक है । मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए नितान्त आवश्यक है कि प्राकृतिक संसाधन प्रदूषित न हों, शुध्द वातावरण रहे एवं पौष्टिक आहार मिलता रहे, इसके लिये हमें जैविक खेती की कृषि पध्दतियाँ को अपनाना होगा जोकि हमारे नैसर्गिक संसाधनों एवं मानवीय पर्यावरण को प्रदूषित किये बगैर समस्त जनमानस को खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकेगी तथा हमें खुशहाल जीने की राह दिखा सकेगी।

## जैविक खाद तैयार करने की विधियाँ

**नाडेप :** इस विधि को ग्राम पूसर जिला यवतमाल महाराष्ट के नारायम देवराव पण्डरी पाण्डे द्वारा विकसित की गई है। इसलिये इसे नाडेप कहते हैं। इस विधि में कम से कम गोबर का उपयोग करके अधिक मात्रा में अच्छी खाद तैयार की जा सकती है। टांके भरने के लिये गोबर, कचरा (बायोमास) और बारीक छनी हुई मिटटी की आवश्यकता रहती हैं। जीवांश को 90 से 120 दिन पकाने में वायु संचार प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है। इसके द्वारा उत्पादित की गई खाद में प्रमुख रूप से 0.5 से 1.5त्र नत्रजन, 0.5 से 0.9त्र स्फुर एवं 1.2 से 1.4त्र पोटाश के अलावा अन्य सूक्ष्म पोषक तत्व भी पाये जाते हैं। निम्नानुसार विभिन्न प्रकार के नाडेप टाकों से नाडेप कम्पोस्ट तैयार किया जा सकता है ।



**पक्का नाडेप :** पक्का नाडेप ईटों के द्वारा बनाया जाता है । नाडेप टांके का आकार 10 फीट लंबा, 6 फीट चौड़ा और 3 फीट ऊंचा या 12*5*3 फीट का बनाया जाता है। ईटों को जोडते समय तीसरे, छठवे एवं नवें रद्दे में मधुमक्खी के छत्ते के समान 6%-7% के ब्लाक/छेद छोड़ दिये जाते है जिससे टांके के अन्दर रखे पदार्थ को बाह्य वायु मिलती रहे। इससे एक वर्ष में एक ही टांके से तीन बार खाद तैयार किया जा सकता है ।

**कच्चा नाडेप (भू नाडेप) :** भू-नाडेप/ कच्चा नाडेप परम्परागत तरीके के विपरित बिना गड्ढा खोदे जमीन पर एक निश्चित आकार (12फीट*5फीट*3फीट अथवा 10फीट*6फीट*3फीट) का लेआउट देकर व्यवस्थित ढ़ेर बनाया जाता है । इसकी भराई नाडेप टांके अनुसार की जाती है। इस प्रकार लगभग 5 से 6 फीट तक सामग्री जम जाने के बाद एक आयताकार व व्यवस्थित ढेर को चारों ओर से गीली मिट्टी व गोबर से लीप कर बंदकर कर दिया जाता है। बंद करने के दूसरे अथवा तीसरे दिन जब गीली मिट्टी कुछ कड़ी हो जाये तब गोलाकार अथवा आयताकार टीन के डिब्बे से ढेर की लंबाई व चौड़ाई में 9-9 इंच के अंतर पर 7-8 इंच के गहरे छिद्र बनाये जावे। छिद्रो से हवा का अवागमन होता है और आवश्यकता पड़ने पर पानी भी डाला जा सकता है, ताकि बायोमास में पर्याप्त नमी रहे और विघटन क्रिया अच्छी तरह से हो सके। इस तरह से भरा बायोमास 3 से 4 माह के भीतर भली-भांति पक जाता है तथा अच्छी तरी पकी हुई, भुरभुरी दुर्गंध रहित भुरे रंग की उत्तम गुणवत्ता की जैविक खाद तैयार हो जाती है ।

**टटिया नाडेप :** टटिया नाडेप भी भू-नाडेप की तरह ही होते हैं, किन्तु इसमें आयताकार व व्यस्थित ढेर को चारों और से लेप देने की जगह इसे बांस बेशरम की लकड़ी एवं तुअर के डंठल आदि से टटिया बनाकर चारों ओर से बंद कर दिया जाता हैं। इसमें हवा का आवगमन स्वाभाविक रूप से छेद होने के कारण अपने आप ही होता रहता हैं।

## नाडेप फास्फो कम्पोस्ट

यह नाडेप के समान ही कम्पोस्ट खाद तैयार करने की विधि है । अंतर केवल इतना है कि इसमें अन्य सामग्री के साथ राक फास्फेट का उपयोग किया जाता है जिसके फलस्वरूप कम्पोट में फास्फेट की मात्रा बढ़ जाती है। प्रत्येक परत के उपर 12 से 15 किलो रांक फास्फेट की परत बिछाई जाती है शेष परत दर परत पक्के नाडेप टांके अनुसार ही टांके की भराई की जाती हैं और गोबर मिट्टी से लीप कर सील कर दिया जाता है । एक टांके में करीब 150 किलो राक फसस्फेट की आवश्यकता होंगी।

## पिट कम्पोस्ट

इस विधि को सर्वप्रथम 1931 में अलबर्ट हावर्ड और यशवंत बाड ने इन्दौर में विकसित की थी अत–इसे इंदौर विधि के नाम से भी जाना जाता है इस पध्दति में कम से कम 9×5×3 फीट व अधिक से अधिक 20*5*3 फीट आकार के गड्ढे बनाए जाते हैं। इन गड्ढो को 3 से 6 भागों में बांट दिया जाता है इस प्रकार प्रत्येक हिस्से का आकार 3*5*3 फीट से कम नहीं होना चाहिये। प्रत्येक हिस्से को अलग अलग भरा जावे एवं अंतिम हिस्सा खाद पलटने के लिए खाली छोड़ा जावें

## नाडेप टांका कम्पोस्ट खाद तैयार करने की विधि

वानस्पतिक बैकार पदार्थ जैसे सूखे पत्तो, छिलके, डंठल, टहनिया, जड़े आदि 1400 से 1600 किलो, इसमें प्लास्टिक कांच एवं पत्थर नहीं रहे।

गोबर 100 से 120 किलो (8 से 10 टोकरी) गोबर गैस से निकली स्लरी भी ली जा सकती है ।

सूखी छनी हुई खेत या नाले की मिट्टी 600 से 800 किलो (120 टोकरी) गो-मूत्र से सनी मिट्टी विशेष लाभदायी होती है।

साधारणतया 1500 से 2000 लीटर पानी, मौसम के अनुसार पानी की मात्रा कम या ज्यादा लग सकती है।

## नाडेप बनाने की विधि

टांका भरने की विधि – खाद सामग्री पूरी तरह एकत्रित करने के बाद नीचे बताए क्रम अनुसार ही टांका भरें। अचार डालने की तर्ज पर ही नाडेप पध्दति खाद सामग्री एक ही दिन में या ज्यादा से ज्यादा 48 घंटे में पूरी तरह से टांका में भरकर सील कर दें।

**प्रथम भराई –** टांका भरने से पहले टांके के अंदर की दीवार एवं फर्श गोबर व पानी के घोल से अच्छा गीला कर दें।

**पहली परत –** वानस्पतिक पदार्थ कचरा, डंठल, टहनियां, पत्तियाँ आदि पूरे टांके में छ– इंच की ऊचाई तक भर दें। इस 30 घनफीट में 100 से 110 किलो वानस्पतिक सामग्री आएगी। इस परत में 3 से 4 प्रतिशत नीम या पलाश की हरी पत्तियाँ मिलाना लाभप्रद होगा। जिससे दीमक पर नियंत्रण होगा।

**दूसरी परत –** गोबर का घोल 125 से 150 लीटर पानी में 4 किलो गोबर मिलाकर पहली परत के उपर इस तरह छिड़कें कि पूरी वानस्पतिक सामग्री अच्छी तरह भीग जाए। गर्मी में पानी की मात्रा अधिक रखें। यदि बायोगैस की स्लरी उपयोग करें तो 10 लीटर स्लरी को 125 से 150 लीटर पानी में घोल कर छिड़कें।

**तीसरी परत –** भीगी हुई दूसरी पतर के उपर, साफ छनी हुई मिट्टी 50 से 60 किलो के लगभग समान रूप से बिछा दें। परतों के इसी क्रम में टांके को उसके मुँह से 1.5 फीट उपर तक झोपड़ीनुमा आकार से भरें। सामान्यत– 11-12 परतों में टांका भर जावेगा। टांका भरने के बाद टांका सील करने के लिए 3 इंच मिट्टी (400 से 500 किलो) की परत जमा कर गोबर से लीप दें। इस पर दरारें पड़े तो उन्हे पुन– गोबर से लीप दें। द्वितीय भराई – 15-20 दिन बाद टांके में भरी सामग्री सिकुड़ कर 8-9 इंच नीचे चली जावेगी तब पहली भराई की तरह ही वानस्पतिक पदार्थ, गोबर का घोल एवं छनी मिट्टी की परतों से टांके को उनके मुँह से 1.5 फीट उपर तक भरकर पहले भराव के समान ही सील कर लीप दें।

**सावधानियां –** नाडेप कम्पोस्ट को पकने के लिये 90 से 120 दिन लगते है। इस दौरान नमी बनी रहने के लिए एवं दरारे बंद करने के लिए गोबर पानी का घोल छिड़कते रहें व दरारें न पड़ने दें। घास आदि उगे तो उसे उखाड़ दे व नमी कायम रखें। कड़ी धूप हो तो घास-फूस से छाया कर दें।

**खाद की परिपक्वता –** 3-4 महीने में खाद गहरे भूरे रंग की बन जाती है और दुर्गंध समाप्त होकर अच्छी खुशबू आती है। खाद सूखना नहीं चाहिये। इस खाद को एक फीट में 35 तार वाली चलनी से छान लेना चाहिये और फिर उपयोग में लाना चाहिये। छलनी के उपर से निकला अधपका कच्चा खाद फिर से खाद बनाने के काम में लेना चाहिये । एक टांके से निकला खाद 6-7 एकड़ भूमि को दिया जा सकता है। एक टांके से 160 से 175 घन फीट छना खाद व 40 से 50 घन फीट कच्चा माल मिलेगा। मतलब एक टांके से 3 टन (लगभग 6 बैलगाड़ी) अच्छा पका खाद मिलता है। नाडेप टांका विधि से कम से कम गोबर में अधिकाधिक मात्रा में अच्छी गुणवत्ताा का खाद तैयार होता है। मात्र एक गाय के साल भर के गोबर से 10 टन खाद मिलने की संभावना है। जिसमें नत्रजन 0.5 से 1.5 प्रतिशत स्फूर 0.5 से 0.9 प्रतिशत तथा पोटाश 1.2 से 1.4 प्रतिशत होता है।

## बायोगैस स्लरी

बायोगैस संयंत्र में गोबर गैस की पाचन क्रिया के बाद 25 प्रतिशत ठोस पदार्थ रूपान्तरण गैस के रूप में होता है और 75 प्रतिशत ठोस पदार्थ का रूपान्तरण खाद के रूप में होता हैं। जिसे बायोगैस स्लरी कहा जाता हैं दो घनमीटर के बायोगैस संयंत्र में 50 किलोग्राम प्रतिदिन या 18.25 टन गोबर एक वर्ष में डाला जाता है। उस गोबर में 80 प्रतिशत नमी युक्त करीब 10 टन बायोगैस स्लेरी का खाद प्राप्त होता हैं। ये खेती के लिये अति उत्तम खाद होता है। इसमें 1.5 से 2 त्र नत्रजन, 1 त्र स्फुर एवं 1 त्र पोटाश होता हैं।

बायोगैस संयंत्र में गोबर गैस की पाचन क्रिया के बाद 20 प्रतिशत नाइट्रोजन अमोनियम नाइट्रेट के रूप में होता है। अत– यदि इसका तुरंत उपयोग खेत में सिंचाई नाली के माध्यम से किया जाये तो इसका लाभ रासायनिक खाद की तरह फसल पर तुरंत होता है और उत्पादन में 10-20 प्रतिशत बढ़त हो जाती है। स्लरी के खाद में नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश के अतिरिक्त सूक्ष्म पोषण तत्व एवं ह्यूमस भी होता हैं जिससे मिट्टी की संरचना में सुधार होता है तथा जल धारण क्षमता बढ़ती है। सूखी खाद असिंचित खेती में 5 टन एवं सिंचित खेती में 10 टन प्रति हैक्टर की आवश्यकता होगी। ताजी गोबर गैस स्लरी सिंचित खेती में 3-4 टन प्रति हैक्टर में लगेगी। सूखी खाद का उपयोग अन्तिम बखरनी के समय एवं ताजी स्लरी का उपयोग सिंचाई के दौरान करें। स्लरी के उपयोग से फसलों को तीन वर्ष तक पोषक तत्व धीरे-धीरे उपलब्ध होते रहते हैं।

## वर्मी कम्पोस्ट

केंचुआ कृषकों का मित्र एवं भूमि की आंत कहा जाता हैं। यह सेन्द्रिय पदार्थ ह्यूमस व मिट्टी को एकसार करके जमीन के अंदर अन्य परतों में फैलाता हैं । इससे जमीन पोली होती है व हवा का आवागमन बढ़ जाता है तथा जलधारण क्षमता में बढ़ोतरी होती है। केंचुओं के पेट में जो रसायनिक क्रिया व सूक्ष्म जीवाणुओं की क्रिया होती है, जिससे भूमि में पाये जाने वाले नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश एवं अन्य सूक्ष्म तत्वों की उपलब्धता बढ़ती हैं। वर्मी कम्पोस्ट में बदबू नहीं होती है और मक्खी एवं मच्छर नहीं बढ़ते है तथा वातावरण प्रदूषित नहीं होता है। तापमान नियंत्रित रहने से जीवाणु क्रियाशील तथा सक्रिय रहते हैं। वर्मी कम्पोस्ट डेढ़ से दो माह के अंदर तैयार हो जाता है। इसमें 2.5 से 3त्र नत्रजन, 1.5 से 2त्र स्फुर तथा 1.5 से 2त्र पोटाश पाया जाता है।

## तैयार करने की विधि

कचरे से खाद तैयार किया जाना है उसमें से कांच-पत्थर, धातु के टुकड़े अच्छी तरह अलग कर इसके पश्चात वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के लिये 10×4 फीट का प्लेटफार्म जमीन से 6 से 12 इंच तक ऊंचा तैयार किया जाता है। इस प्लेटफार्म के ऊपर 2 रद्दे ईट के जोडे जाते हैं तथा प्लेटफार्म के ऊपर छाया हेतु झोपड़ी बनाई जाती हैं प्लेटफार्म के ऊपर सूखा चारा, 3-4 क्विंटल गोबर की खाद तथा 7-8 क्विंटल कूड़ाकरकट (गार्वेज) बिछाकर झोपड़ीनुमा आकार देकर अधपका खाद तैयार हो जाता है जिसकी 10-15 दिन तक झारे से सिंचाई करते हैं जिससे कि अधपके खाद का तापमान कम हो जाए। इसके पश्चात 100 वर्ग फीट में 10 हजार केंचुए के हिसाब से छोड़े जाते हैं। केचुए छोड़ने के पश्चात् टांके को जूट के बोरे से ढंक दिया जाता हैं, और 4 दिन तक झारे से सिंचाई करते रहते हैं ताकि 45-50 प्रतिशत नमी बनी रहें। ध्यान रखे अधिक गीलापन रहने से हवा अवरूध्द हो जावेगी ओर सूक्ष्म जीवाणु तथा केंचुऐ मर जावेगें या कार्य नही कर पायेंगे।

45 दिन के पश्चात सिंचाई करना बंद कर दिया जाता है और जूट के बोरों को हटा दिया जाता है। बोरों को हटाने के बाद ऊपर का खाद सूख जाता है तथा केंचुए नीचे नमी में चले जाते है। तब ऊपर की सूखी हुई वर्मी कम्पोस्ट को अलग कर लेते हैं। इसके 4-5 दिन पश्चात पुन– टांके की ऊपरी खाद सूख जाती है और सूखी हुई खाद को ऊपर से अलग कर लेते हैं इस तरह 3-4 बार में पूरी खाद टांके से अलग हो जाती है और आखरी में केंचुए बच जाते हैं जिनकी संख्या 2 माह में टांके में, डाले गये केंचुओं की संख्या से, दोगुनी हो जाती हैं ध्यान रखें कि खाद हाथ से निकालें गैंती, कुदाल या खुरपी का प्रयोग न करें। टांकें से निकाले गये खाद को छाया में सुखा कर तथा छानकर छायादार स्थान में भण्डारित किया जाता है । वर्मी कम्पोस्ट की मात्रा गमलों में 100 ग्राम, एक वर्ष के पौधों में एक किलोग्राम तथा फसल में 6-8 क्विंटल प्रति एकड़ की आवश्यकता होती है। वर्मी वॉश का उपयोग करते हुए प्लेटफार्म पर दो निकास नालिया बना देना अच्छा होगा ताकि वर्मी वॉश को एकत्रित किया जा सकें

## केंचुए खाद के गुण

इसमें नत्रजन, स्फुर, पोटाश के साथ अति आवश्यक सूक्ष्म कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा, लोहा, जस्ता और मोलिवड्नम तथा बहुत अधिक मात्रा में जैविक कार्बन पाया जाता है ।

केंचुएँ के खाद का उपयोग भूमि, पर्यावरण एवं अधिक उत्पादन की दृष्टि से लाभदायी है।

## हरी खाद

मिट्टी की उर्वरा शक्ति जीवाणुओं की मात्रा एवं क्रियाशीलता पर निर्भर रहती है क्योंकि बहुत सी रासायनिक क्रियाओं के लिए सूक्ष्म जीवाणुओं की आवश्यकता रहती है। जीवित व सक्रिय मिट्टी वही कहलाती है जिसमें अधिक से अधिक जीवांश हो। जीवाणुओं का भोजन प्राय– कार्बनिक पदार्थ ही होते है और इनकी अधिकता से मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर प्रभाव पड़ता है। अर्थात केवल जीवाणुओं से मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। मिट्ट की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने की क्रियाओं में हरी खाद प्रमुख है। इस क्रिया में वानस्पतिक सामग्री को अधिकांशत– हरे दलहनी पौधों को उसी खेत में उगाकर जुताई कर मिट्टी में मिला देते है। हरी खाद हेतु मुख्य रूप से सन, ढेंचा, लाबिया, उड्द, मूंग इत्यादि फसलों का उपयोग किया जाता है।




## भभूत अमृत पानी

अमृत पानी तैयार करने के लिए के लिए 10 किलोग्राम गाय का ताजा गोबर 250 ग्राम नौनी घी, 500 ग्राम शहद और 200 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। सर्वप्रथम 200 लीटर के ड्रम में 10 किलोग्राम गाय का ताजा गोबर डालें उसमें 250 ग्राम नौनी घी, 500 ग्राम शहद को डालकर अच्छी तरह मिलायेंत्त इसके पश्चात ड्रम को पूरा पानी से भर ले तथा एक लकड़ी की सहायता से घोल तैयार करें इस घोल को जब फसल 15 से 20 दिन की हो जावे तब कतार के बीच में 3 से 4 बार प्रयोग करेंत्त इसके प्रयोग के समय मृदा में नमी का होना अति आवश्यक है। अमृत पानी के प्रयोग के पूर्व 15 किलोग्राम बरगद के नीचे की मिट्टी एक एकड़ में समान रूप से बिखेर दें।

## अमृत संजीवनी

एक एकड़ हेतु अमृत संजीवनी तैयार करने के लिये सामग्री में 3 किलोग्राम यूरिया, 3 किलोग्राम सुपर फास्फेट एवं 1 किलोग्राम पोटाश तथा 2 किलोग्राम



मूंगफली की खली, 80 किलोग्राम गोबर एवं 200 लीटर पानी की आवश्यकता होती है । इसकों तैयार करने के लिए उक्त सामग्री को एक ड्रम में डालकर अच्छी तरह मिला दें और ड्रम के ढक्कन को बंद कर 48 घंटे के लिए छोड़ दें तथा प्रयोग के समय ड्रम को पूरा पानी से भर दे । जब खेत में पर्याप्त नमी हो तब बोनी के पूर्व इसे समान रूप से एक एकड़ में छिड़क दे। खड़ी फसल में जब फसल 15-20 दिन की हो जावे तब कतार के बीज में 3-4 बार 15 दिन के अंतर पर छिड़के यथा संभव पत्तों को घोल के संपर्क से बचाये।

## अग्निहोत्र भस्म

अग्निहोत्र भस्म उच्चारण पर्यावरण की शुध्दि की वैदिक पध्दति है। खेत में, गांव में, घर में तथा शहर में पर्यावरण में स्वच्छता बनाये रखकर सूर्योदय व सूर्यास्त के समय मिट्टी तथा तांबे के पात्र में गाय के गोबर के कंडे में अग्नि प्रज्जवलित कर अखंड अक्षत (बिना टूटे चावल) चावल के 8-10 दानों को गाय के घी में मिलाकर हाथ अंगूठे, मध्य अनामिका व छोटी अंगुली से अग्निहोत्री मंत्र उच्चारण के साथ स्वाहा– शब्द के साथ आहुति दी जाती है।

## अग्निहोत्र मंत्र

सूर्योदय के समय-सूर्याय स्वाहा, सूर्याय इदम् न मम् (प्रथम आहूति के समय)

प्रजापतये स्वाहा,प्रजापतये इदम् न मम( द्वितीय आहूति के समय)

सूर्यास्त के समय-अग्नेय स्वाहा, अग्नेय इदम् न मम् (प्रथम आहूति के समय)

प्रजापतये स्वाहा, प्रजापतये इदम् न मम( द्वितीय आहूति के समय)

खेतों पर अग्निहोत्र मंत्र, पौधों में कीट-व्याधि निरोधकता के साथ भूमि में उपलब्ध पोषण-जैव कार्बन-ऊर्जा का सक्षम उपयोग कर अधिक उत्पादन हेतु प्रेरित करता है।

जैविक पध्दति द्वारा जैविक कीट एवं व्याधि नियंत्रण के कृषकों के अनुभव

जैविक कीट एवं व्याधि नियंजक के नुस्खे विभिन्न कृषकों के अनुभव के आधार पर तैयार कर प्रयोग किये गये हैं, जो कि इस प्रकार हैं

## गौ-मूत्र

गौमूत्र, कांच की शीशी में भरकर धूप में रख सकते हैं। जितना पुराना गौमूत्र होगा उतना अधिक असरकारी होगा । 12-15 मि.मी. गौमूत्र प्रति लीटर पानी में मिलाकर स्प्रेयर पंप से फसलों में बुआई के 15 दिन बाद, प्रत्येक 10 दिवस में छिड़काव करने से फसलों में रोग एवं कीड़ों में प्रतिरोधी क्षमता विकसित होती है जिससे प्रकोप की संभावना कम रहती है।

## नीम के उत्पाद

नीम भारतीय मूल का पौघा है, जिसे समूल ही वैद्य के रूप में मान्यता प्राप्त है। इससे मनुष्य के लिए उपयोगी औषधियां तैयार की जाती हैं तथा इसके उत्पाद फसल संरक्षण के लिये अत्यन्त उपयोगी हैं।

नीम पत्ती का घोल नीम की 10-12 किलो पत्तियॉ, 200 लीटर पानी में 4 दिन तक भिगोंयें। पानी हरा पीला होने पर इसे छानकर, एक एकड़ की फसल पर छिड़काव करने से इल्ली की रोकथाम होती है। इस औषधि की तीव्रता को बढ़ाने हेतु बेसरम, धतूरा, तम्बाकू आदि के पत्तों को मिलाकर काड़ा बनाने से औषधि की तीव्रता बढ़ जाती है और यह दवा कई प्रकार के कीड़ों को नष्ट करने में यह दवा उपयोगी सिध्द है। नीम की निबोली नीम की निबोली 2 किलो लेकर महीन पीस लें इसमें 2 लीटर ताजा गौ मूत्र मिला लें। इसमें 10 किलो छांछ मिलाकर 4 दिन रखें और 200 लीटर पानी मिलाकर खेतों में फसल पर छिड़काव करें। नीम की खली जमीन में दीमक तथा व्हाइट ग्रब एवं अन्य कीटों की इल्लियॉ तथा प्यूपा को नष्ट करने तथा भूमि जनित रोग विल्ट आदि के रोकथाम के लिये किया जा सकता है। 6-8 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से अंतिम बखरनी करते समय कूटकर बारीक खेम में मिलावें।

## अन्य नुस्खे

इल्ली नियंत्रण
5 लीटर देशी गाये के मट्ठे में 5 किलो नीम के पत्ते डालकर 10 दिन तक सड़ायें, बाद में नीम की पत्तियों को निचोड़ लें । इस नीमयुक्त मिश्रण को छानकर 150 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ के मान से समान रूप से फसल पर छिड़काव करें । इससे इल्ली व माहू का प्रभावी नियंत्रण होता है ।
5 लीटर मट्ठे में , 1 किलो नीम के पत्ते व धतूरे के पत्ते डालकर, 10 दिन सड़ने दे । इसके बाद मिश्रण को छानकर इल्लियों का नियंत्रण करें ।
5 किलो नीम के पत्ते 3 लीटर पानी में डालकर उबाल ली तब आधा रह जावे तब उसे छानकर 150 लीटर पानी में घोल तैयार करें । इस मिश्रण में 2 लीटर गौ–मूत्र मिलावें । अब यह मिश्रण एक एकड़ के मान से फसल पर छिड़के ।
1/2 किलो हरी मिर्च व लहसुन पीसकर 150 लीटर पानी में डालकर छान ले तथा एक एकड़ में इस घोल का छिड़काव करें ।
मारूदाना, तुलसी (श्यामा) तथा गेदें के पौधे फसल के बीच में लगाने से इल्ली का नियंत्रण होता हैं ।
टिन की बनी चकरी खेतों में लगाने से भी इल्लियां गिर जाती हैं ।
दीमक नियंत्रण
मक्का के भुट्टे से दाना निकलने के बाद, जो गिण्डीयॉ बचती है, उन्हे एक मिट्टी के घड़े में इक्टठा करके घड़े को खेत में इस प्रकार गाढ़े कि घड़े का मुॅह जमीन से कुछ बाहर निकला हो । घड़े के ऊपर कपड़ा बांध दे तथा उसमें पानी भर दें । कुछ दिनों में ही आप देखेगें कि घड़े में दीमक भर गई है । इसके उपरांत घड़े को बाहर निकालकर गरम कर लें ताकि दीमक समाप्त हो जावे । इस प्रकार के घड़े को खेत में 100–100 मीटर की दूरी पर गड़ाऍ तथा करीब 5 बार गिण्डीयॉ बदलकर यह क्रिया दोहराएं । खेत में दीमक समाप्त हो जावेगी ।
सुपारी के आकार की हींग एक कपड़े में लपेटकर तथा पत्थर में बांधकर खेत की ओर बहने वाली पानी की नाली में रख दें । उससे दीमक तथा उगरा रोग नष्ट हो जावेगा ।
उगरा नियंत्रण
लीटर मट्ठे में चने के आकार के 3 हींग के टुकडे मिलाकर उससे चने का बीजोपचार कर तत्पश्चात बोनी करें । सोयाबीन, उड़द, मूंग एवं मसूर के बीजों को अधिक गीला न करें ।
400 ग्राम नीम के तेल में 100 ग्राम कपड़े धोने वाला पावडर डालकर खूब फेंटे, फिर इस मिश्रण में 150 लीटर पानी डालकर घोल बनावें । यह एक एकड़ के लिए पर्याप्त है ।

## आइपोमिया (बेशरम) पत्ती घोल

आइपोमिया की 10–12 किलो पत्तियॉ, 200 लीटर पानी में 4 दिन तक भिगोंये । पत्तियों का अर्क उतरने पर इसे छानकर एक एकड़ की फसल पर छिड़काव करें इससे कीटों का नियंत्रण होता है ।

## मटठा

मट्ठा, छाछ, मही आदि नाम से जाना जाने वाला तत्व मनुष्य को अनेक प्रकार से गुणकारी है और इसका उपयोग फसलों मे कीट व्याधि के उपचार के लिये लाभप्रद हैं । मिर्ची, टमाटर आदि जिन फसलों में चुर्रामुर्रा या कुकड़ा रोग आता है, उसके रोकथाम हेतु एक मटके में छाछ डाकर उसका मुॅह पोलीथिन से बांध दे एवं 30–45 दिन तक उसे मिट्टी में गाड़ दें । इसके पश्चात् छिड़काव करने से कीट एवं रोगों से बचत होती । 100–150 मि.ली. छाछ 15 लीटर पानी में घोल कर छिड़काव करने से कीट–व्याधि का नियंत्रण होता है । यह उपचार सस्ता, सुलभ, लाभकारी होने से कृषकों मे लोकप्रिय है ।

## मिर्च/लहसुन

आधा किलो हरी मिर्च, आधा किलो लहसुन पीसकर चटनी बनाकर पानी में घोल बनायें इसे छानकर 100 लीटर पानी में घोलकर, फसल पर छिड़काव करें । 100 ग्राम साबुन पावडर भी मिलावे । जिससे पौधों पर घोल चिपक सके । इसके छिड़काव करने से कीटों का नियंत्रण होता है ।

## लकड़ी की राख

1 किलो राख में 10 मि.ली. मिट्टी का तेल डालकर पाउडर का छिड़काव 25 किलो प्रति हेक्टर की दर से करने पर एफिड्स एवं पंपकिन बीटल का नियंत्रण हो जाता है ।

## ट्राईकोडर्मा

ट्राईकोडर्मा एक ऐसा जैविक फफूंद नाशक है जो पौधों में मृदा एवं बीज जनित बीमारियों को नियंत्रित करता है ।
बीजोपचार में 5–6 ग्राम प्रति किलोगाम बीज की दर से उपयोग किया जाता है ।
मृदा उपचार में 1 किलोग्राम ट्राईकोडर्मा को 100 किलोग्राम अच्छी सड़ी हुई खाद में मिलाकर अंतिम बखरनी के समय प्रयोग करें । कटिंग व जड़ उपचार– 200 ग्राम ट्राईकोडर्मा को 15–20 लीटर पानी में मिलाये और इस घोल में 10 मिनिट तक रोपण करने वाले पौधों की जड़ों एवं कटिंग को उपचारित करें ।
3 ग्राम ट्राईकोडर्मा प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर 10–15 दिन के अंतर पर खड़ी फसल पर 3–4 बार छिड़काव करने से वायुजनित रोग का नियंत्रण होता है ।

## संक्षिप्त समाचार

### भारती एयरटेल के डेटा सेंटर में हिस्सेदारी खरीदेगी ब्लैकस्टोन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी प्राइवेट इक्विटी दिग्गज कार्लाइल न्यूयॉर्क की कंपनी ब्लैकस्टोन को नेक्स्ट्रा डेटा में अपनी 25 फीसदी हिस्सेदारी बेचने के लिए बात कर रही है। नेक्स्ट्रा डेटा भारती एयरटेल की डेटा सेंटर कारोबार वाली सहायक इकाई है। सूत्रों ने अनुसार, कार्लाइल ने अपनी हिस्सेदारी की कीमत 2,500 करोड़ रुपए आंकी है। इस हिसाब से एयरटेल के डेटा सेंटर कारोबार की कीमत करीब 10,000 करोड़ रुपए बैठेगी। वर्ष 2020 में कार्लाइल ने 23.5 करोड़ डॉलर (करीब 1,800 करोड़ रुपए) में डेटा सेंटर कंपनी में 25 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी। बैंकिंग उद्योग से जुड़े एक सूत्र ने कहा कि ब्लैकस्टोन और कार्लाइल के बीच अभी बातचीत चल रही है लेकिन दूसरे खरीदारों से भी बात हो सकती है। कार्लाइल अगर डेटा सेंटर कंपनी में अपना हिस्सा बेचती है तो इस वित्त वर्ष में उसकी चौथी हिस्सेदारी बिक्री होगी। कार्लाइल ने कल ही येस बैंक में अपनी कुछ हिस्सेदारी 1,160 करोड़ रुपए में बेच दी थी। विलय एवं अधिग्रहण की जानकारी देने वाले प्लेटफॉर्म ग्रोथपाल के मुताबिक पिछले साल जून में कार्लाइल ने डेलिवरी में अपनी समूची 2.5 फीसदी हिस्सेदारी 709 करोड़ रुपए में बेच दी थी। इसके बाद अगस्त में उसने पीरामल फार्मा में अपना 2.17 फीसदी हिस्सा बेच दिया था। कार्लाइल ने नेक्स्ट्रा डेटा में पहली बार 2020 में निवेश किया था। इसके बाद से नेक्स्ट्रा डेटा ने अपना कारोबार बढ़ाया है। अगले कुछ वर्षों में 5,000 करोड़ रुपए निवेश कर मुंबई, पुणे, बेंगलूरु, हैदराबाद, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और कोलकाता में नए हाइपरस्केल डेटा सेंटर तैयार करने की उसकी योजना है। कंपनी के नेटवर्क में फिलहाल 12 बड़े और 120 से ज्यादा एज डेटा सेंटर हैं। उसके पास 400 से अधिक ग्राहक हैं।

### अडानी टोटल गैस एलएनजी पर लगा रही है बड़ा दांव




**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रमुख शहरी गैस वितरक (सीजीडी) कंपनी अडानी टोटल गैस लिमिटेड वृद्धि के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) पर बड़ा दांव लगा रही है। सरकार की गैस नीति में एलएनजी को तेजी से बढ़ावा देने और ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) के उत्सर्जन को नियंत्रित करने की पहल के बीच कंपनी ने यह रणनीति अपनाई है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अडानी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) का लक्ष्य लंबी दूरी के वाणिज्यिक वाहनों के लिए डीजल की जगह प्राथमिक ईंधन के रूप में एलएनजी को बढ़ावा देना है। इसके लिए वाहन क्षेत्र से संबंद्ध कंपनियों, मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम), परिचालकों और रेट्रोफिटमेंट कंपनियों जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ रणनीतिक गठजोड़ किए जा रहे हैं। एटीजीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुरेश पी मंगलानी ने कहा, ''एलएनजी की सबसे बड़ी चुनौती वितरण है। इस समय हमारे पास केवल मुट्ठी भर एलएनजी वितरण स्टेशन हैं और यही असली चुनौती है।

# कंपनी चाहे भारत की हो या विदेश की, देश के कानूनों का पालन करना है जरूरी : राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इन दिनों पेटीएम पेमेंट बैंक का मुद्दा हर किसी के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी कड़ी में पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री चंद्रशेखर ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े मुद्दे पर अपनी बात रखी।

मंत्री ने कहा कि यह एक एक मामला है, जो दिखाता है कि उद्यमी नियमों का पालन करने की जरूरत को नजरअंदाज करते हैं। कोई भी कंपनी कानूनों का बिना पालन किए काम नहीं कर सकती है।

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर रिजर्व बैंक की नियामक कार्रवाई ने फिनटेक कंपनियों का ध्यान कानूनों के पालन के महत्व की ओर आकर्षित किया है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि नियमों का पालन कंपनियों के लिए वैकल्पिक नहीं हो सकता है, बल्कि यह एक ऐसा पहलू है जिस पर प्रत्येक उद्यमी को पूरा ध्यान देना चाहिए। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड मामले को लेकर मंत्री ने कहा




कि कोई भी कंपनी, चाहे वह भारत की हो या विदेश की, बड़ी हो या छोटी, उसे देश के कानूनों का पालन करना होगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पीपीबीएल को 15 मार्च से नई जमा स्वीकार करने से रोक दिया है। कंपनी के खिलाफ अपनी कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार भी कर दिया है। चन्द्रशेखर ने कहा कि यह धारणा कि पीपीबीएल पर आरबीआई की कार्रवाई ने फिनटेक को परेशान कर दिया है। राजनेता, उद्यमी और टेक्नोक्रेट इस बात से असहमत थे कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक मुद्दे ने पूरे फिनटेक उद्योग के लिए हानिकारक परिणामों के बारे में चिंता बढ़ा दी है। मुझे लगता है कि इसने फिनटेक उद्यमियों का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित किया है कि आपको यह भी जानना होगा कि कानून का अनुपालन कैसे करना है। चन्द्रशेखर ने आगे कहा कि उद्यमी आम तौर पर जो कुछ भी बना रहे हैं उस पर इतना ध्यान केंद्रित करते हैं कि कभी-कभी, वे नियामकों द्वारा निर्धारित नियमों की अनदेखी कर सकते हैं।

### पेटीएम क्यूआर कोड करता रहेगा काम

आरबीआई ने शुक्रवार को जारी एफएक्यू (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न) की सूची में स्पष्ट किया कि दूसरे बैंक से लिंक्ड पेटीएम क्यूआर कोड, पेटीएम साउंडबॉक्स या पेटीएम पीओएस टर्मिनल 15 मार्च के बाद भी काम करना जारी रखेंगे। फिनटेक फर्म वन97 कम्युनिकेशंस (पेटीएम के मालिक) ने इस बीच कहा कि उसने अपना नोडल खाता पेटीएम पेमेंट्स बैंक से एक्सिस बैंक में ट्रांसफर कर दिया है। इस कदम के साथ 15 मार्च की समय सीमा के बाद पेटीएम क्यूआर, साउंडबॉक्स, कार्ड मशीन की निरंतरता की अनुमति देगा।

# मछुआरों को ई-मार्केट प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए सरकार ने ओएनडीसी को किया शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। मछुआरों को ई-मार्केट प्लेटफॉर्म प्रदान करने के उद्देश्य से, मत्स्य पालन विभाग 19 फरवरी को ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगा। अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के कृषि भवन में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री एल मुरुगन की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा, ÷यह आवश्यक कदम मछुआरों, मछली किसान उत्पादक संगठनों, उद्यमियों, एसएचजी, मछुआरा सहकारी समितियों और



मत्स्य पालन क्षेत्र के अन्य संबंधित हितधारकों को व्यापक बाजारों तक पहुंचने, उनकी पहुंच और संभावित ग्राहक आधार का विस्तार करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा।÷ उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन विभाग और ओएनडीसी के बीच सहयोग प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों के कार्यान्वयन की सुविधा प्रदान करेगा, छोटे पैमाने के उत्पादकों और विपणक की दक्षता, सामूहिकता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करेगा। उन्होंने कहा, ओएनडीसी ई-मार्केटिंग का एक अनोखा प्लेटफॉर्म है और अधिकतम एफएफपीओ और अन्य मछुआरा सहकारी समितियों को जोड़ने के लिए मत्स्य पालन क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# आर्थिक मंदी के बीच चीन में श्रमिकों का विरोध-प्रदर्शन तेजी से बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था चीन घोर आर्थिक महामंदी में फंसाता जा रहा है। चीन में आर्थिक हालात तेजी से खराब हो रहे हैं और मंदी की चपेट में देश आता जा रहा है। इसका असर चीन की अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई दे रहा है। चीन में श्रमिक विरोध-प्रदर्शन तेजी से बढ़ गए हैं, खासकर पिछले सप्ताह के अंत में शुरू हुए चंद्र नव वर्ष से पहले।



न्यूयॉर्क स्थित अंतर्राष्ट्रीय अधिकार समूह फ्रीडम हाउस के चीन में विरोध-प्रदर्शनों पर नज़र रखने वाले चाइना डिसेंट मॉनिटर द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2022 की समान अवधि की तुलना में 2023 की चौथी तिमाही में श्रमिकों का विरोध-प्रदर्शन तीन गुना से अधिक हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, विश्लेषकों का मानना है कि यह अशांति खराब कामकाजी परिस्थितियों और चीन की मौजूदा आर्थिक कठिनाइयों से जुड़ी है। चाइना डिसेंट मॉनिटर ने सितंबर और दिसंबर 2023 के बीच चीन में 777 श्रमिक विरोध दर्ज किए, जबकि 2022 की समान अवधि में यह संख्या 245 थी। हांगकांग स्थित चाइना लेबर बुलेटिन, जो चीनी श्रमिकों के अधिकारों को बढ़ावा देता है, के स्वतंत्र डेटा में 1 जनवरी से 3 फरवरी 2024 के बीच 183 अतिरिक्त विरोध दर्ज किए गए, जिनमें अकेले गुआंग्डोंग प्रांत में 40 शामिल हैं। चाइना डिसेंट मॉनिटर का नेतृत्व करने वाले केविन स्लेटन ने कहा कि श्रमिकों का विरोध अक्सर वेतन विवाद और व्यावसायिक सुरक्षा से जुड़ा होता है।

# गिरफ्तारी और तस्करी की जानकारी देने के निर्देशों में संशोधन, 24 घंटे के अंदर सीबीआईसी को देनी होगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीबीआईसी के संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार, सीमा शुल्क क्षेत्र के मुख्य आयुक्त/महानिदेशक को किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी के 24 घंटे के अंदर इसकी रिपोर्ट ईमेल के माध्यम से सीबीआईसी को भेजनी होगी।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा गिरफ्तारी, तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी की जानकारी देने से संबंधित दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। इस कदम का मकसद 'सिंडिकेट' द्वारा धोखाधड़ी के प्रयासों पर लगाम लगाना और जोखिम आधारित लक्ष्य में सुधार करना है।

सीबीआईसी की ओर से फील्ड अधिकारियों को दिए एक



निर्देश में कहा गया है कि गिरफ्तारी, तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी की घटना की रिपोर्ट सीमा शुल्क क्षेत्रों (जोन) द्वारा या तो साझा नहीं की जा रही है या यदा-कदा ही साझा की जा रही है। कई मामलों में गिरफ्तारी की रिपोर्ट में जो ब्योरा दिया जाता है, वह पर्याप्त नहीं होता। सीबीआईसी के संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार, सीमा शुल्क क्षेत्र के मुख्य आयुक्त/महानिदेशक को किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी के 24 घंटे के अंदर इसकी रिपोर्ट ईमेल के माध्यम से सीबीआईसी को भेजनी होगी।

गिरफ्तारी रिपोर्ट में हिरासत में लिए गए व्यक्ति की राष्ट्रीयता और उसके अपराध का ब्योरा देना होगा। इसके अलावा अधिकारियों को जब्त किए गए सामान की मात्रा और उसके मूल्य का विवरण भी उपलब्ध कराना होगा। ऐसे मामलों में जहां सीमा शुल्क अधिकारी द्वारा गिरफ्तारी नहीं की गई है, तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी से संबंधित रिपोर्ट संबंधित क्षेत्र के आयुक्त द्वारा 'तुरंत' सीबीआईसी को भेजी जानी है। यह देखते हुए कि सीमा शुल्क आयुक्तों से उनके अधिकार क्षेत्र के तहत तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी के मामलों के संबंध में 'अद्यतित रहने की उम्मीद की जाती है', सीबीआईसी ने कहा कि घटना की रिपोर्ट में उड़ान/यात्रा/क्रूज संख्या और सीमा शुल्क घोषणा दस्तावेज का विवरण होना चाहिए। रिपोर्ट में माल की उत्पत्ति के मूल देश और इसमें शामिल शुल्क का भी उल्लेख होना चाहिए।

# इलेक्टोरल बॉन्ड पर अदालत के निर्देशों का करेगा पालन चुनाव आयोग, सीईसी बोले- हम पारदर्शिता के पक्ष में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छ्श्चष्ठ- सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसले में चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया था। अदालत ने टिप्पणी की थी कि यह संविधान के तहत सूचना के अधिकार और भाषण व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को ओड़िसा दौरे के दौरान चुनावी बॉन्ड पर आयोग का रुख साफ किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग इलेक्टोरल बॉन्ड या चुनावी बॉन्ड के मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार कार्रवाई करेगा। पत्रकारों से बात करते हुए, कुमार ने कहा कि आयोग हमेशा सूचना प्रवाह और भागीदारी में पारदर्शिता के आधार पर काम करता है।

कुमार ने कहा, अदालत में दायर हलफनामे में आयोग ने कहा है कि वह पारदर्शिता के पक्ष में है और जब आदेश जारी होगा, वह उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार कार्रवाई करेगा।÷ ईवीएम के बिना चुनाव कराने पर सुप्रीम कोर्ट में लंबित एक मामले से जुड़े एक सवाल के जवाब में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, निर्णय आने दें, यदि आवश्यक होगा तो अदालत के निर्देश के अनुसार बदलाव किए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसले में चुनावी बॉन्ड




योजना को रद्द कर दिया था। अदालत ने टिप्पणी की थी कि यह संविधान के तहत सूचना के अधिकार और भाषण व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की चुनावी बांड योजना की कानूनी वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक बैच पर सर्वसम्मति से फैसला सुनाया है। चुनावी बॉन्ड योजना ने एक तरह से राजनीतिक दलों को गुमनाम धन हासिल करने की अनुमति दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे चुनावी बॉन्ड जारी करना बंद करें। अदालत ने भारतीय स्टेट बैंक को 12 अप्रैल, 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉन्ड का विवरण चुनाव आयोग से साझा करने के लिए कहा है।

चुनावी बॉन्ड एक वचन पत्र की तरह होता है जिसमें भुगतानकर्ता और प्राप्तकर्ता का विवरण होता है। चुनावी बॉन्ड में लेनदेन में पार्टियों के बारे में कोई जानकारी नहीं होती है। यही कारण है कि चुनावी बॉन्ड पूरी तरह से गोपनीय होता है। इसकी जानकारी केवल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को ही होती है।

चुनावी बॉन्ड को भारत में कोई भी व्यक्तियों या कंपनी खरीद सकती है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की देशभर में फैली 29 शाखाओं को चुनावी बॉन्ड बेचने के लिए अधिकृत किया गया है। चुनावी बॉन्ड को प्रत्येक वर्ष जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर में 10 दिनों के लिए बेचा जाता है। खरीदार की पहचान एसबीआई को छोड़कर सभी के लिए गुमनाम रहती है। बॉन्ड विशेष रूप से राजनीतिक दलों को धन के योगदान के लिए जारी किए जाते हैं। ये बॉन्ड एसबीआई द्वारा जारी किए जाते हैं और कम से कम 1,000 रुपये में बेचे जाते हैं जबकि अधिकतम सीमा नहीं है। इस योजना के तहत कॉर्पोरेट और यहां तक कि विदेशी संस्थाओं द्वारा दिए गए दान पर 100 प्रतिशत कर छूट मिलती है।

# अगले सप्ताह खुलेंगे 4 कंपनियों के 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा के आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार में आईपीओ की धूम मची हुई है। सोमवार 19 फरवरी से शुरू हो रहा सप्ताह भी अलग नहीं रहने वाला है। नए सप्ताह के दौरान घरेलू शेयर बाजार में दो एसएमई आईपीओ समेत कुल 4 कंपनियों के आईपीओ खुलने वाले हैं, जो मिलकर 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा जुटाने वाली हैं। सप्ताह के दौरान खुलने वाला सबसे प्रमुख आईपीओ जुनिपर होटल्स का है। यह कंपनी हयात ब्रांड नाम से पांच सितारा होटल चलाती है। 1,800 करोड़ रुपए का यह




आईपीओ 21 फरवरी को खुलेगा और 23 फरवरी को बंद होगा। आईपीओ का प्राइस बैंड 342 रुपए से 360 रुपए रखा गया है। यह आईपीओ पूरी तरह से फ्रेश इक्विटी वाला है। कंपनी आईपीओ से जुटाई गई रकम में ज्यादातर हिस्से का इस्तेमाल कर्ज के पुनर्भुगतान में करने वाली है। जीपीटी हेल्थकेयर कोलकाता बेस्ड कंपनी है, जो आईएलएस हॉस्पिटल्स ब्रांड के तहत मध्यम आकार के मल्टी स्पेशियलिटी अस्पतालों का परिचालन करती है। कंपनी का आईपीओ 22 फरवरी को खुलेगा और 26 फरवरी को बंद होगा। अभी कंपनी ने आईपीओ के प्राइस बैंड, लॉट साइज आदि के बारे में जानकारी नहीं दी है। सप्ताह के दौरान दो एसएमई आईपीओ भी खुल रहे हैं, जो हैं- जेनिथ ड्रग्स आईपीओ और ड्रीम रॉल टेक आईपीओ । जेनिथ ड्रग्स का आईपीओ 40.6 करोड़ रुपए का होगा।

# टॉप 10 में से 6 कंपनियों का मॉर्केट कैप घटा, एसबीआई और एचडीएफसी ने कराई ताबड़तोड़ कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 71,414.03 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) रही। शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में एलआईसी के अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई।

वहीं दूसरी ओर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन बढ़ गया। इन कंपनियों के मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 62,038.86 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 831.15 अंक या 1.16 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का




बाजार पूंजीकरण 26,217.12 करोड़ रुपए गिरकर 6,57,420.26 करोड़ रुपए रह गया। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 18,762.61 करोड़ रुपए घटकर 14,93,980.70 करोड़ रुपए पर आ गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 13,539.84 करोड़ रुपए घटकर 5,05,092.18 करोड़ रुपए रह गई।

वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 11,548.24 करोड़ रुपए घटकर 5,58,039.67 करोड़ रुपए पर आ गया। भारती एयरटेल के बाजार मूल्यांकन में 703.60 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 6,30,340.9 करोड़ रुपए रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 642.62 करोड़ रुपए घटकर 19,76,493.92 करोड़ रुपए रह गई। अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज बुधवार को 20 लाख करोड़ रुपए का बाजार पूंजीकरण हासिल करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई। मंगलवार को भी रिलायंस का मूल्यांकन थोड़े समय के लिए 20 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंचा था। हालांकि, दिन के अंत में यह 19.93 लाख करोड़ रुपए पर बंद हुआ।

इस रुख के उलट सप्ताह के दौरान एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 27,220.07 करोड़ रुपए बढ़कर 6,73,585.09 करोड़ रुपए हो गया। इन्फोसिस ने सप्ताह के दौरान 13,592.73 करोड़ रुपए जोड़े और इसका मूल्यांकन 7,06,573.08 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 12,684.58 करोड़ रुपए बढ़कर 10,78,493.29 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई बैंक का 8,541.48 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 7,17,796.25 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमश- टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एसबीआई, एलआईसी, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

# अगले वित्त वर्ष में दोपहिया उद्योग राजस्व में दो अंकीय वृद्धि दर्ज करेगा : हीरो मोटोकॉर्प

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हीरो मोटोकॉर्प को अगले वित्त वर्ष (2024-25) में दोपहिया उद्योग के राजस्व में दो अंकीय या 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि का भरोसा है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निरंजन गुप्ता का मानना है कि प्रीमियम मॉडल की मांग और तेजी पकड़ेगी, जिससे उद्योग अपने राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज करेगा। देश की दूसरी सबसे बड़ी दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कुल 10,031 करोड़ रुपए की आमदनी दर्ज की है। कंपनी का मानना है कि आगे चलकर प्रवेश स्तर के वाहन खंड का प्रदर्शन भी और बेहतर होगा।

गुप्ता ने एक विश्लेषक कॉल में कहा, ''जहां तक मांग का सवाल है, जैसा कि हम कहते रहे हैं, हमें उम्मीद है कि आने वाले वर्ष में उद्योग राजस्व में कम-से-कम दो




अंकीय यानी 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि घरेलू वाहन बाजार में ग्राहक अब प्रीमियम मॉडल की ओर स्थानांतरित हो रहे हैं। इसके अलावा प्रवेश स्तर के बाइक खंड की मांग में भी सुधार दिख रहा है। पिछले कुछ साल के दौरान इस खंड में बिक्री कमजोर रही थी। उन्होंने आगे कहा, ''हम स्पष्ट रूप से ग्रामीण क्षेत्र से भी सकारात्मक संकेत देख रहे हैं। हम देखेंगे कि आने वाली तिमाहियों में वहां मांग में उल्लेखनीय उछाल आएगा।

प्रीमियम मॉडल की बिक्री के लिए कंपनी के आउटलेट या शोरूम को अद्यतन करने की योजना के बारे में गुप्ता ने कहा कि हमने देश में पहले से 300 डीलरशिप का अद्यतन कर दिया है। उन्होंने कहा, ''मार्च के अंत तक हमारे पास 400 ऐसे शोरूम होंगे। अगले साल हम 100 'प्रीमिया स्टोर के साथ 500 2.0 स्टोर को पार कर जाएंगे।

हीरो मोटोकॉर्प ने पिछले साल अक्टूबर में प्रीमिया ब्रांड नाम के तहत अपना पहला प्रीमियम शोरूम खोला था। गुप्ता ने कहा, ''हम प्रीमियम खंड में कई कदम उठा रहे हैं। हमारी शुरुआती सफलता जो हमने हार्ले एक्स440 और करिज्मा में देखी है, वह आगे जारी है।

कंपनी ने एक नया मॉडल मावरिक 440 भी पेश किया है जिसकी आपूर्ति अप्रैल में शुरू होने की उम्मीद है। गुप्ता ने कहा, ''इससे हमारे प्रीमियम पोर्टफोलियो को और मजबूती मिलेगी जो पहले से काफी अच्छी स्थिति में है। अक्टूबर, 2020 में, हीरो मोटोकॉर्प और हार्ले-डेविडसन ने भारतीय बाजार के लिए साझेदारी की घोषणा की थी। इस करार के तहत हीरो मोटोकॉर्प देश में हार्ले-डेविडसन ब्रांड के तहत प्रीमियम मोटरसाइकिल की एक श्रृंखला विकसित करेगी और उनकी बिक्री करेगी।

# भारत ने रिकॉर्ड 434 रन से जीता राजकोट टेस्ट

● इंग्लैंड 122 पर ऑलआउट

● जडेजा को 5 विकेट

● यशस्वी का दोहरा शतक



**राजकोट।** टीम इंडिया ने राजकोट टेस्ट रिकॉर्ड 434 रन से जीत लिया है। 557 रन के टारगेट के सामने इंग्लैंड टीम चौथी पारी में 122 रन ही बना सकी। रवींद्र जडेजा ने मार्क वुड को कैच आउट कराया, इसी के साथ टीम ऑलआउट हुई। जडेजा ने 5 विकेट लिए, उन्होंने पहली पारी में शतक भी लगाया था। रन के अंतर से टीम इंडिया की यह सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले टीम ने 2021 में मुंबई के वानखेड़े मैदान पर न्यूजीलैंड को 372 रन से हराया था। दूसरी पारी में भारत से यशस्वी जायसवाल ने 214 रन और शुभमन गिल ने 91 रन बनाए। वहीं पहली पारी में रोहित शर्मा ने 131 और रवींद्र जडेजा ने 112 रन बनाए। सरफराज खान ने दोनों पारियों में फिफ्टी लगाई। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट लिए थे। इंग्लैंड से बेन डकेट ने पहली पारी में 153 रन बनाए। उनके अलावा दोनों पारियों में कोई भी प्लेयर फिफ्टी नहीं लगा सका। निरंजन शाह स्टेडियम में पहली पारी में भारत ने 445 और इंग्लैंड ने 319 रन बनाए थे। भारत ने दूसरी पारी 430 पर डिक्लेयर की थी।

## राजकोट टेस्ट में भारतीय टीम से जुड़े रविचंद्रन अश्विन

ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन राजकोट में चल रहे 5 मैचों की सीरीज के तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। वे तीसरे सेशन के दौरान मैदान पर उतरे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (क्चष्टढ्ढ) ने रविवार सुबह जानकारी दी थी कि वे टीम से जुड़ेंगे। वे मां की तबीयत खराब होने के कारण तीसरे मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद चेन्नई लौट गए थे और छुट्टी पर होने की वजह से तीसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे थे।

## यशस्वी का दोहरा शतक

**राजकोट, एजेंसी।** यशस्वी जायसवाल ने 231 बॉल पर डबल सेंचुरी लगाई। उन्होंने जो रूट के खिलाफ सिंगल लेकर दोहरा शतक पूरा किया। डबल सेंचुरी पूरी होते ही उन्होंने 2 लगातार सिक्स लगा दिए। यशस्वी ने विशाखापट्टनम टेस्ट की पहली पारी में भी दोहरा शतक लगाया था। यशस्वी एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय.

## 12

### सिक्स यशस्वी जायसवाल पारी में

यशस्वी जायसवाल अपनी पारी में अब तक 12 सिक्स लगाए। इसी के साथ वह एक टेस्ट इनिंग में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले 1994 में नवजोत सिंह सिद्धु ने श्रीलंका के खिलाफ 8 सिक्स लगाए थे। एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड पाकिस्तान के वसीम अकरम के नाम है। उन्होंने 1996 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 12 छक्के लगाए थे।

### 10 साल में होम सीरीज में 400+ रन बनाने वाले जायसवाल दूसरे भारतीय ओपनर

यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में सेंचुरी लगाई। इसी के साथ वे होम सीरीज में पिछले 10 साल में 400+ रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बैटर बने। इससे पहले रोहित शर्मा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2019-20 की फ्रीडम ट्रॉफी में 3 मैचों में 529 रन बनाए थे। जायसवाल ने पहले टेस्ट में 80 और 15 रन, दूसरे टेस्ट में 209 और 17 रन और तीसरे टेस्ट में 10 और 104 रन बनाए।

### सरफराज ने 65 बॉल पर फिफ्टी लगाई

राजकोट में डेब्यू टेस्ट खेल रहे सरफराज खान ने लगातार दूसरी फिफ्टी लगा दी। वह पहली पारी में 62 रन बनाकर आउट हुए थे। दूसरी पारी में उन्होंने 65 बॉल पर फिफ्टी लगा दी।



## जडेजा के भारत में 200 टेस्ट विकेट पूरे

● बेयरस्टो भारत के खिलाफ आठवीं बार जीरो पर आउट, जायसवाल ने की रोहित की बराबरी

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारत ने 322 रन की बढ़त हासिल कर ली है। राजकोट में शनिवार को 207/2 के स्कोर से दिन की शुरुआत करने वाली इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 319 रन पर ऑलआउट हो गई। रवींद्र जडेजा ने इस पारी में 2 विकेट लेने के साथ ही भारतीय मैदानों पर 200 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी 500 विकेट का आंकड़ा पार कर लिया। दूसरी ओर भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह ने रिकॉर्ड 9वीं बार इंग्लैंड के दिग्गज बैटर जो रूट को पवेलियन भेजा।

# न्यूजीलैंड की टीम को लगा बड़ा झटका

## एक-साथ ये दो स्टार खिलाड़ी सीरीज से हुए बाहर



**हैमिल्टन, एजेंसी।** इसी महीने ऑस्ट्रेलियाई टीम न्यूजीलैंड दौरे पर जाएगी। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 21 फरवरी से तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जानी है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 को देखते हुए ये सीरीज दोनों टीमों के लिए काफी अहम रहने वाली है। लेकिन इस सीरीज की शुरुआत से पहले न्यूजीलैंड की टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम से दो स्टार खिलाड़ी इस सीरीज से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जाने वाली इस टी20 सीरीज से मैट हेनरी और टिम सीफर्ट बाहर हो गए हैं। दोनों ही खिलाड़ियों को चोट के चलते इस सीरीज से बाहर होना पड़ा है। वहीं, इस खिलाड़ियों की जगह बेन सियर्स और विल यंग की न्यूजीलैंड की टीम में वापसी हुई है। बता दें हैमिल्टन में साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद हेनरी को कूल्हे में कुछ दर्द हुआ था, जिसके चलते उन्हें आराम दिया गया है। नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए ट्रेनिंग के दौरान चोट लगने के कारण सीफर्ट टीम से बाहर हुए हैं।

### टीम के हेड कोच ने दिया ये बयान

न्यूजीलैंड के हेड कोच गैरी स्टीड ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि दोनों खिलाड़ी महत्वपूर्ण सीरीज और आयोजनों से पहले तेजी से सुधार करेंगे। स्टीड ने कहा कि मैट का निराश होना स्वाभाविक है, लेकिन टी20 के लिए ब्रेक यह सुनिश्चित करेगा कि वह पूरी तरह से फिट हैं और इस महीने के अंत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट के लिए तैयार हैं।

# एमआई एमिरेट्स बनी विजेता



**दुबई, एजेंसी।** इंटरनेशनल लीग टी20 2024 का फाइनल मुकाबला 17 फरवरी को खेला गया। खिताबी मैच में एमआई एमिरेट्स ने बाजी मारी। फाइनल में एमआई एमिरेट्स के सामने दुबई कैपिटल्स थी। दुबई की टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा। एमआई एमिरेट्स ने 45 रनों से दुबई कैपिटल्स को हराया और पहला खिताब अपने नाम किया। अभी तक इस टूर्नामेंट के दो ही सीजन हुए हैं। पहले सीजन की विजेता गल्फ जाएंट्स थी।

दुबई कैपिटल्स ने इस मैच में टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। एमआई एमिरेट्स ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 208 रन बनाए थे। एमआई की टीम की ओर से 27 गेंदों में 57 रन कप्तान निकोलस पूरन ने जड़े, जबकि 37 गेंदों में 53 रन आंद्रे फ्लेचर ने जड़े। वहीं, 24 गेंदों में 43 रनों की पारी मुहम्मद वसीम ने खेली, जबकि कुसल परेरा 26 गेंदों में 38 रन बनाए। किरोन पोलार्ड ने 7 गेंदों में 9 रन बनाए। 1-1 विकेट तीन गेंदबाजों ने दुबई कैपिटल्स की ओर से लिए। वहीं, जब 209 रनों के लक्ष्य का पीछा करने दुबई कैपिटल्स की टीम उतरी तो दूसरी गेंद पर ही पहला विकेट गिर गया था। इसके बाद टीम को टॉम बैंटन और टॉम एबेल ने संभाला, लेकिन लगातार अंतराल पर विकेट गिरे और कोई भी तेज गति से बल्लेबाजी नहीं कर सका। यही कारण रहा कि दुबई कैपिटल्स की पूरी टीम 20 ओवर खेलकर 7 विकेट के नुकसान पर 163 रन ही बना सकी और मुकाबला 45 रनों के अंतर से हार गई। दुबई कैपिटल्स की ओर से कप्तान सैम बिलिंग्स ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। 35 रन टॉम बैंटन के बल्ले से निकले, लेकिन अन्य कोई बल्लेबाज उस तरह की पारी नहीं खेल पाया, जिससे की टीम जीत के करीब भी पहुंच पाती।

दुबई कैपिटल्स ने एलिमिनेटर और क्वॉलिफायर 2 जीतने के बाद फाइनल में प्रवेश किया था, लेकिन खिताबी मैच में उनको जीत नसीब नहीं हुई। एमआई की टीम को यहां भी जीत मिली।

# ज्योति याराजी ने खुद का रिकॉर्ड तोड़ा

## हर्डल रेस में भारत के लिए जीता गोल्ड मेडल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेहरान में आयोजित एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 60 मीटर हर्डल रेस में भारत की ज्योति याराजी ने खुद का नेशनल रिकॉर्ड तोड़कर गोल्ड मेडल जीता और भारत का नाम रोशन किया। ज्योति से पहले यहां दो बार की एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता हरमिलन बैंस ने 4:29.55 में महिलाओं की 1500 मीटर स्पर्धा पूरी कर भारत के लिए पहला गोल्ड मेडल हासिल किया था। वहीं दूसरी तरफ ज्योति ने फाइनल में 8.12 सेकेंड के साथ अपना खुद का ही नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा और इस खेल में भारत के लिए ओवरऑल दूसरी गोल्ड मेडल जीता।

इस प्रतियोगिता में ज्योति का दबदबा साफ तौर पर दिखा क्योंकि वह जापान की असुका टेराडा से आगे रहीं, जिन्होंने 8.21 सेकेंड का समय निकाला तो वहीं हांगकांग की लुई लाई यिउ ने 8.26 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

ज्योति याराजी 100 मीटर हर्डल्स में मौजूदा एशियाई आउटडोर चैंपियन हैं। उन्होंने पिछले साल बैंकॉक में खिताब जीतने के बाद एक बार फिर अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। शुरुआती अयोग्यता का सामना करने के बावजूद, वह हांग्जो एशियाई खेलों से 100 मीटर हर्डल्स में रजत पदक के साथ वापस लौटी थी।

आपको बता दें कि ज्योति याराजी ने सौ मीटर बाधा दौड़ में पिछले साल इसी प्रतियोगिता में 8:13 सेकेंड का अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकाला था और वह तब उपविजेता रही थीं। इससे पहले 24 साल की इस एथलीट ने 8:22 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट में शीर्ष स्थान के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था।





# सिने जगत में अमिताभ बच्चन ने पूरे किए 55 साल

सदी के महानायक अमिताभ बचन के हिंदी फिल्म जगत में पूरे 55 साल हो गए हैं। बिग बी इसे लेकर काफी खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से अमिताभ बचन के इतने सालों के सफर पूरे होने पर खास तस्वीर बनाई गई है, जिसे उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है।

अपनी तस्वीर का एआई वर्जन शेयर करते हुए अमिताभ बचन लिखा है, सिनेमा की इस अद्भुत दुनिया में 55 साल .. और एआई मुझे इसकी व्याख्या देता है। जो तस्वीर अभिनेता ने शेयर की है, उसमें उनके दिमाग में सिनेमा और इसकी मेकिंग व शूटिंग को दिखाया गया है।

अभिनेता के फैन उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई दे रहे हैं। उनकी पोस्ट पर प्रथमेश नाम के यूजर ने लिखा, दुनिया के बेस्ट एक्टर, सिर्फ और सिर्फ बिग बी।÷ एक यूजर ने लिखा, अमित जी आप इससे भी विशाल हैं, आपने बहुत कुछ दिया है सिनेमा को। एक क्रेजी माशूका से यादा मोहब्बत की है। आपको बता दें कि अमिताभ बचन ने साल 1969 में फिल्म 'सात हिन्दुस्तानी' के साथ अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की थी। इस फिल्म के 55 साल पूरे होने के साथ ही बिग बी को भी अभिनय की दुनिया में कदम रखे पूरे 55 साल हो चुके हैं। अमिताभ ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के एक एपिसोड में इस फिल्म से जुड़ा एक किस्सा सुनाया था। उन्होंने कहा था कि जब वह पहली बार ऑडिशन देने गए और निर्देशक ख्वाजा अहमद अब्बास को पता चला कि वह महान कवि हरिवंश राय बचन के बेटे हैं, तो उन्होंने अमिताभ के प्लान के बारे में बताने के लिए हरिवंश राय बचन को कॉल कर दिया था।

बिग बी ने कहा,÷जब मैं 'सात हिंदुस्तानी' की ऑडिशन के लिए गया तो ख्वाजा अब्बास ने मेरा नाम पूछा, जब मैंने बताया कि मैं अमिताभ बचन हूं तो उन्होंने मेरे पिता का नाम पूछा और मैंने बताया हरिवंश राय बचन। मेरे पिता का नाम सुनकर उन्होंने मुझे बाहर इंतजार करने को कहा और मेरे पिता को कॉल कर दिया। उन्हें लगा मैं अपने घर में बिना बताये ऑडिशन देने आया हुआ। तो उन्होंने मेरे पिता को कॉल करके पूछा कि उन्हें ये पता है या नहीं। अमिताभ के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी आने वाली फिल्म कल्कि एडी 2898 है। इसमें वह दो साउथ इंडियन स्टार कमल हासन और प्रभास के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। इसके अलावा एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी भी फिल्म का हिस्सा हैं। इस पौराणिक फिल्म के डायरेक्टर नाग अश्विन हैं और यह इसी साल रिलीज होगी।




## फोर्ब्स ने भारतीय सिनेमा के कलाकारों पर प्रकाश डाला

# 30 अंडर 30 सूची में राधिका -रश्मिका

बॉलीवुड अभिनेत्री राधिका मदान और दक्षिण भारतीय सनसनी रश्मिका मंदाना ने मनोरंजन उद्योग में अपनी उत्कृष्ट उपलब्धियों और प्रभाव को प्रदर्शित करते हुए फोर्ब्स 30 अंडर 30 सूची में एक प्रतिष्ठित स्थान अर्जित किया है। अपनी बहुमुखी भूमिकाओं और शानदार अभिनय के लिए जानी जाने वाली राधिका मदान अपनी प्रतिभा और कला के प्रति समर्पण से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करना जारी रखती हैं। फोर्ब्स 30 अंडर 30 सूची में उनका शामिल होना भारतीय सिनेमा के उभरते परिदृश्य में उनके प्रभाव और योगदान को रेखांकित करता है।

दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग में एक उभरता सितारा, रश्मिका मंदाना, अपनी करिश्माई स्क्रीन उपस्थिति और सराहनीय अभिनय कौशल के साथ तेजी से एक घरेलू नाम बन गई हैं। फोर्ब्स की मान्यता उनकी तेजी से प्रगति और मनोरंजन क्षेत्र में उनके द्वारा बनाई गई सकारात्मक छाप को उजागर करती है। फोर्ब्स 30 अंडर 30 सूची सालाना उन युवा व्यक्तियों को सम्मानित करती है जिन्होंने अपने संबंधित क्षेत्रों में असाधारण कौशल और प्रभाव का प्रदर्शन किया है। राधिका मदान और रश्मिका मंदाना का समावेश उनके समर्पण, कौशल और दर्शकों और उद्योग के साथियों पर छोड़ी गई गहरी छाप का प्रमाण है।

## आईएमडीबी की वैलेंटाइन वीक लिस्ट में

# पहली पोजिशन पर रही तृप्ति



रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल में तृप्ति डिमरी ने महफिल लूट ली। उनका छोटा सा किरदार दर्शकों के जेहन में इस कदर छप गया कि थिएटर से निकलने के बाद कई लोग रश्मिका से यादा तो तृप्ति डिमरी की बातें करते नजर आए। संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल ने तृप्ति को रातोरात नेशनल क्रश बना दिया। अब आईएमडीबी की वैलेंटाइन वीक लिस्ट में भी तृप्ति डिमरी ने पहली पोजिशन पाकर बता दिया है कि उनके करियर का ग्राफ अब लगातार ऊपर जाने वाला है।

### शाहिद कपूर को मिली 7वीं पोजिशन

हर महीने आईएमडीबी के पोर्टल पर दुनिया भर के 200 मिलियन से यादा यूजर्स आते हैं और इनकी वोटिंग-रिएक्शन के आधार पर वैलेंटाइन वीक के दौरान सबसे यादा पॉपुलर रहे सेलेब्रिटीज की लिस्ट बनाई गई।

पब्लिक वोटिंग के आधार पर बनी इस लिस्ट में एनिमल की भाभी 2 यानि तृप्ति डिमरी नंबर 1 पोजिशन मिली है। लिस्ट में तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया फेम एक्टर शाहिद कपूर 7वें नंबर पर हैं।

### लिस्ट में पूनम पांडे और रजनीकांत भी

अपनी मौत का झूठा ड्रामा करके पिछले दिनों जमकर क्रिटिसाइज हुईं एक्ट्रेस पूनम पांडे को ढ्ढरूष्ठड्ढ की इस लिस्ट में 8वीं पोजिशन मिली है और लिस्ट में 23वें नंबर पर रही हैं एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर। इसके आगे साउथ के कई स्टार्स के नामों को लिस्ट में जगह मिली है। उदाहरण के लिए धनुष, राम चरण, महेश बाबू और रजनीकांत जैसे नाम इस लिस्ट में शामिल हैं।

### लिस्ट में सबसे नीचे रहे ये पॉपुलर एक्टर

लिस्ट में बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन को 49वीं पोजिशन मिली है जो कि कुछ लोगों के लिए थोड़ी शॉकिंग हो सकती है। अनुष्का शर्मा की फिल्म बुलबुल के जरिए तृप्ति डिमरी को पहली बार फेम मिला था। साल 2020 में आई इस फिल्म में उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। आप इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एन्जॉय कर सकते हैं। इसके पहले तृप्ति मॉम, पोस्टर बॉयज, और लैला मजनू फिल्म में भी नजर आ चुकी हैं।



# मैं 'शादी के लिए रेडी हूं'

बॉलीवुड इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर कार्तिक आर्यन यंग लड़कियो के क्रश हैं। उनकी दुनियाभर में फैन फॉलोइंग है और एक्टर की एक झलक पाने की फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। एक्टिंग के साथ-साथ वो अपनी क्यूटनेस को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। ऐसे में अब वो अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। यूं तो उन्होंने अपनी रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में रहते हैं मगर इस बार वो अपनी शादी की वजह से सुर्खियों में हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसकी वजह से उनकी शादी की चर्चा शुरू हो गई है। कार्तिक आर्यन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वो खुद से जुड़ी कोई ना कोई पोस्ट शेयर करते रहते हैं, जिसकी वजह से वो हैडलाइन्स में आ ही जाते हैं। सारा अली खान के साथ कार्तिक आर्यन के अफेयर की खूब खबरें रही हैं। वो बात अलग है कि दोनों का रिश्ता यादा समय तक चल नहीं पाया। इंडस्ट्री में इनके रिश्ते की काफी चर्चा रही है। फिलहाल, अब दोनों अलग हैं। इसी बीच अब कार्तिक आर्यन की लेटेस्ट पोस्ट ने फैंस को उनकी शादी के लिए एक्साइटेड कर दिया है। दरअसल, एक्टर की ओर से इंस्टाग्राम पर अपनी दो फोटोज शेयर की गई है। इन तस्वीरों में कार्तिक आर्यन को ब्लैक कलर की ड्रेस में नजर आ रहे हैं। उन्होंने फोटो को शेयर करने के साथ ही लिखा, 'शादी रेडी!' इस पोस्ट के बाद एक्टर की शादी के कयास लगाए जाने लगे हैं। उनकी तमाम लेडी फैंस का दिल टूट गया है और जमकर रिएक्शन दे रहे हैं।

### लोग दे रहे ऐसे रिएक्शन

अगर इस पर लोगों के रिएक्शन की बात की जाए तो एक ने लिखा, 'कब और कहां है शादी!' दूसरी लेडी फैन ने लिखा, 'मेरी मांग भर दो कार्तिक जी।' तीसरे ने लिखा, 'मैं आपके लिए पहले से ही तैयार हूं।' चौथे ने लिखा, 'किसकी शादी है?' इसी तरह से लोग जमकर कमेंट्स कर रहे हैं।

# रश्मिका की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

## तस्वीर साझा कर लिखा, इस तरह हम मौत से बच गए...



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। हाल ही में रश्मिका को एक परेशानी का सामना करना पड़ा। उनकी फ्लाइट की हाल ही में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। इस घटना ने अभिनेत्री और उनके साथी यात्रियों को झकझोर कर रख दिया।

रश्मिका मंदाना ने ये तस्वीर अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर साझा की है। उनकी ये तस्वीर सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल हो गई। इसके बाद रश्मिका के फैंस उन्हें लेकर चिंता जाहिर करने लगे। रश्मिका मंदाना इस दौरान एक्ट्रेस श्रद्धा दास के साथ यात्रा कर रही थीं। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर रश्मिका ने श्रद्धा के साथ एक सेल्फी साझा की है। अभिनेत्री ने तस्वीर साझा कर लिखा, सिर्फ आपकी जानकारी के लिए, इस तरह हम आज मौत से बच गए।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस फ्लाइट में रश्मिका बैठी थीं, वह फ्लाइट मुंबई से हैदराबाद जा रही थी। तकनीकी समस्या के कारण यह 30 मिनट बाद फिर से मुंबई लौट आई। इस घटना में किसी को भी कोई चोट या किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है।

## 'लाहौर 1947' के

# डायरेक्टर राजकुमार संतोषी को कोर्ट ने सुनाई 2 साल की सजा, 2 करोड़ रुपये जमा करने का भी आदेश



फिल्म निर्माता राजकुमार संतोषी को जामनगर कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में दो साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 2 करोड़ का जुर्माना भी लगाया है। दरअसल, राजकुमार संतोषी एक फिल्म लेकर आने वाले हैं, जिसका नाम है 'लाहौर 1997'। इस फिल्म में अभिनेता सनी देओल और प्रीति जिंटा नजर आएंगे। जामनगर के एक उद्योगपति और शिपिंग मैग्नेट अशोक लाल ने दावा किया कि उन्हें फिल्म निर्माता से 10 लाख रुपये के 10 चेक मिले। जिनकी कुल कीमत 1 करोड़ रुपये थी। वह बाद में बाउंस हो गए।

मामले में कारोबारी के वकील पीयूष भोजानी ने शनिवार को सजा की पुष्टि की। वकील के मुताबिक, लाल ने राजकुमार संतोषी की फिल्म में 1 करोड़ रुपये का योगदान दिया था. इस रकम को चुकाने के लिए संतोषी ने कथित तौर पर उन्हें 10 लाख रुपये के 10 चेक भेजे। एक बार जब चेक निर्धारित समय सीमा के भीतर बैंक में जमा कर दिए गए, तो वे बाउंस हो गए, व्यवसायी ने आरोप लगाया कि उन्होंने पहले इस मामले पर फिल्म निर्माता के साथ संपर्क स्थापित करने की कोशिश की। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि फिल्म निर्माता के साथ संपर्क स्थापित करने के सभी प्रयास विफल रहे जिसके बाद उन्होंने नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत मुकदमा दायर किया।

शनिवार को मामले में सुनवाई के दौरान अदालत ने संतोषी को दो साल की जेल की सजा का आदेश दिया, साथ ही उसे व्यवसायी से दोगुनी राशि चुकाने को कहा। संतोषी की आने वाली फिल्म लाहौर 1947 का निर्माण आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट पहली बार सनी देओल, संतोषी और आमिर खान के सहयोग का प्रतीक है। यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस (एकेपी) के तहत 17वें उद्यम को भी चिह्नित करेगी। राजकुमार संतोषी और सनी देओल ने पहले मिलकर बॉक्स ऑफिस पर घायल, दामिनी और घातक जैसी तीन हिट फिल्में दी थीं।

## नथ.. कलीरे...ओरेंज लहंगा...

# हुस्न की मल्लिका बन दिव्या अग्रवाल ने मंगेतर संग करवाया प्री-वेडिंग शूट





एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल जल्द शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। दिव्या अग्रवाल 20 फरवरी को दुल्हनिया बनेंगी। 20 फरवरी कोदिव्या अग्रवाल मंगेतर अपूर्व पडगांवकर के साथ सात फेरे लेंगी। शादी से चंद दिन पहले एक्ट्रेस ने एक खूबसूरत प्री-वेडिंग फोटोशूट कराया है। लुक की बात करें तो दिव्या ऑरेंज कलर के लहंगे में बहुत खूबसूरत लग रही थीं। एक्ट्रेस ने लहंगे के साथ फुल बाजू वाली चोली पेयर की थी। उन्होंने अपने लुक को इयररिंग्स, नथ, कलीरे और अंगूठियों से स्टाइल किया था। सॉफ्ट कर्ल हेयर और लाइट मेकअप में दिव्या की खूबसूरत निखरकर आ रही थी। वहीं अपूर्व रेड कलर के कुर्ता-पायजामा में जच रहे थे। तस्वीरों में दिव्या और अपूर्व एक-दूसरे के साथ रोमांटिक पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। अपूर्व की बाहों में खोने से लेकर सीढ़ियों पर मस्ती करने कपल गोल्स देने तक दिव्या ने इस शूट को ग्लैमरस बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### प्रेग्नेंसी की खबरों ने बटोरी सुर्खियां

दिव्या अग्रवाल ने 14 फरवरी को वैलेंटाइन विश करते हुए अपूर्व के साथ कुछ रोमांटिक फोटोज शेयर की थीं जिसके बाद उनके प्रेग्नेंसी के कयास लगने शुरू हो गए। तस्वीर देख लोगों ने अनुमान लगाया कि शायद दिव्या प्रेग्नेंट हैं। प्री-वेडिंग फोटोशूट की तस्वीरें देख भी फैंस को लग रहा है कि दिव्या मां बनने वाली हैं। साल 2022 में दिव्या और अपूर्व की फिर से नजदीकियां बढ़ीं और दोनों ने दिसंबर 2022 में ही सगाई कर ली थी।



# एस.एस. राजामौली की बाहुबली में कटप्पा होते संजय दत्त

निर्देशक एसएस राजामौली ने फिल्म बाहुबली के निर्माण के साथ इतिहास रच दिया था। फिल्म ने दुनियाभर में कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े थे। इसकी स्टारकास्ट भी जबरदस्त रही। वहीं, अब राजामौली के पिता वी. विजयेंद्र प्रसाद का एक बयान सुर्खियों में है। प्रसाद ने कहा कि वह और निर्माता कटप्पा के किरदार के लिए संजय दत्त को कास्ट करना चाहते थे। हालांकि, एक बड़े कारण से यह मुमकिन नहीं हो पाया। वी. विजयेंद्र प्रसाद ने कहा कि वह और निर्माता चाहते थे कि संजय दत्त मूल रूप से कटप्पा का किरदार निभाएं। हालांकि, वे ऐसा नहीं कर सके क्योंकि अभिनेता उस वक्त जेल में थे। प्रसाद ने एक इंटरव्यू में कहा था, कटप्पा के लिए हमारे दिमाग में सिर्फ संजय दत्त थे, लेकिन तब यह मुश्किल था क्योंकि वह जेल में थे। अगला विकल्प सत्यराज थे।